

शुभ नवरात्रि

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति


अग्रसेन जयंति की हार्दिक बधाईयां

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 266 | रायपुर | सोमवार 22 सितंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## प्रधानमंत्री 22 सितम्बर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 22 सितम्बर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे। वे ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अनेक विकास परियोजनाओं की अधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद, वे त्रिपुरा का दौरा करेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे तथा माताबाड़ी में 'माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर' के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

**अरुणाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री** क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने और निरन्तर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट) और तातो-। जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश के सियोम उप-बेसिन में बनाई जाएंगी। . प्रधानमंत्री तवांग में एक अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला भी रखेंगे। सीमावर्ती जिले तवांग में 9,820 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह केन्द्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, सांस्कृतिक उत्सवों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए एक ऐतिहासिक इमारत के रूप में कार्य करेगा। 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों की मेजबानी करने की क्षमता के साथ, यह केन्द्र वैश्विक मानकों को पूरा करेगा और क्षेत्र की पर्यटन और सांस्कृतिक संभावना में सहयोग करेगा।

प्रधानमंत्री 1,290 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अनेक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे, जो कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावासों सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभान्वित करेंगी। इन पहलों से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने, जीवन स्तर में सुधार और कनेक्टिविटी में सुधार होने की उम्मीद है। व्यापार में सुगमता सुनिश्चित करने और एक जीवंत उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की अपनी कल्पना के अनुरूप, प्रधानमंत्री स्थानीय करदाताओं, व्यापारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हाल ही में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के प्रभाव पर भी चर्चा करेंगे।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक, पाक-तुर्की के झंडों वाले पोस्ट डाले



**मुंबई एजेंसी** । महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट आज सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाले पोस्ट शेयर किए। कुछ समय बाद ये सभी पोस्ट डिलीट कर दिए गए। शिंदे के कार्यालय की ओर से बताया गया कि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अकाउंट को रिकवर कर लिया है। फिलहाल अकाउंट सामान्य रूप से काम कर रहा है। भारत में साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल देश को इससे हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। 2024 में वज़ीरएक्स क्रिप्टो एक्सचेंज से 230 मिलियन डॉलर की हैकिंग, बीएसएनएल का डेटा ब्रीच, और स्टार हेल्थ से 7.24 टीबी डेटा लीक जैसे बड़े मामले सामने आए हैं। इन साइबर हमलों का मुख्य निशाना टेलीकॉम, फाइनेंस, हेल्थकेयर और एनर्जी सेक्टर हैं।

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को संबोधित : 22 से जीएसटी उत्सव शुरू, सबको मिलेगा फायदा

# हर घर-दुकान बने स्वदेशी का प्रतीक : पीएम

**एजेंसी।** पीएम मोदी जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर देश को संबोधित कर रहे हैं. 22 सितंबर यानी कल से देश में जीएसटी की नई दरें लागू हो जाएगी. मोदी सरकार ने इसे जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम का नाम दिया है, जिससे समाज के हर वर्ग को फायदा होगा और लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा. पीएम मोदी ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में हर देशवासी का मुंह मीठा होगा. पीएम ने कहा कि कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत होने जा रही है. कल से हर परिवार की खुशियां बढ़ेगी और यह सब केंद्र व राज्यों की पहल की वजह से संभव हो सकता है. हर राज्य की शंका का समाधान किया गया है. वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार होगा. पीएम ने कहा कि टैक्स के जाल से सभी को परेशानी होती थी लेकिन जीएसटी रिफॉर्म से सब कुछ आसान हो गया.

### देश को बचत उत्सव की शुभकामनाएं

पीएम ने देश को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 22 सितंबर से नवरात्रि का प्रथम दिवस है और इसी दिन से नया नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी लागू किया जाएगा. पीएम ने इसे एक विशेष अवसर बताते हुए कहा कि यह केवल एक त्योहार का समय नहीं बल्कि आर्थिक विकास और टैक्स प्रणाली में सुधार का भी महत्वपूर्ण फेज है.



### गरीब और मिडिल क्लास को डबल फायदा

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 11 सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलकर न्यू मिडिल क्लास बने हैं. अब इस वर्ग को आयकर छूट का लाभ मिल रहा है. वहीं गरीब तबके को भी सस्ती दरों पर सामान मिलेगा. मोदी ने कहा कि जीएसटी और टैक्स सुधार मिलकर गरीब और मिडिल क्लास दोनों के लिए डबल गिफ्ट साबित होंगे. अब सिर्फ 5% और 18% जीएसटी: मोदी ने कहा कि अब जीएसटी ढांचे में सिर्फ दो प्रमुख दरें होंगी- 5% और 18%. रोजमर्रा की चीजों और खाने-पीने की अधिकांश वस्तुएं या तो टैक्स फ्री होंगी या केवल 5ल टैक्स लगेगा. पहले जिन वस्तुओं पर 12% टैक्स था उनमें से 99% अब 5% स्लैब में आ गई हैं. इससे आम उपभोक्ता की जेब पर बोझ काफी कम होगा.

**जेब में आएंगे 2.5 लाख करोड़:** पीएम ने कहा कि नए टैक्स ढांचे से देश के लोगों को सीधा लाभ होगा. अगर इनकम टैक्स छूट और जीएसटी रिफॉर्म को मिलाकर देखा जाए तो देशवासियों की जेब में 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बचेंगे. उन्होंने कहा कि यह पैसा लोगों की खपत बढ़ाएगा और अर्थव्यवस्था में नई जान डालेगा.

**MSME बनेगा आत्मनिर्भर भारत की रीढ़:** पीएम मोदी ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारत की रीढ़ हैं. जीएसटी दरें घटने और नियम आसान होने से इनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स का बोझ कम होगा. उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब स्स्स्ध मजबूत होंगे, क्योंकि यह सेक्टर करोड़ों लोगों को रोजगार और देश को स्वदेशी उत्पाद देता है. हर घर-दुकान बने स्वदेशी का प्रतीकः मोदी ने स्वदेशी को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा- ÷गर्व से कहो, ये स्वदेशी है. गर्व से कहो, मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं.÷ पीएम ने कहा कि हमें हर घर और हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है. रोजमर्रा की विदेशी वस्तुओं से मुक्त होकर हमें मेड इन इंडिया को अपनाना होगा ताकि देश की समृद्धि स्वदेशी से मजबूत हो सके.

**दुकानदारों में उत्साह की लहरः** प्रधानमंत्री ने बताया कि नए जीएसटी बदलावों को लेकर दुकानदार और कारोबारी बेहद उत्साहित हैं. वे इस सुधार को तुरंत ग्राहकों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं. मोदी ने कहा कि इससे व्यापारियों का भरोसा भी बढ़ेगा और ग्राहक भी सस्ते दामों पर सामान खरीद पाएंगे. यह सुधार 'नागरिक देवो भवः' की भावना का प्रतीक है. निवेश और मैन्यूफैक्चरिंग पर जोरः पीएम मोदी ने राज्यों से अपील की कि वे निवेश के लिए माहौल तैयार करें और मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य अगर मिलकर आगे बढ़ेंगे तो ही आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा. मोदी ने कहा कि देश की प्रोडक्ट क्वालिटी इतनी मजबूत होनी चाहिए कि दुनिया भारत को 'ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब' के रूप में देखे. आजादी से अब तक स्वदेशी की ताकतः मोदी ने कहा कि देश की आजादी को स्वदेशी आंदोलन से ताकत मिली थी और अब देश की समृद्धि भी स्वदेशी से ही आएगी. उन्होंने कहा कि हमें विदेशी सामान पर निर्भरता खत्म करनी होगी और मेड इन इंडिया को अपनाना होगा।

## युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 'नमो मैराथन-नमो युवा रन' का शुभारम्भ

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में 'नमो मैराथन-नमो युवा रन' का शुभारम्भ किया। नशा मुक्ति की जागरूकता को समर्पित यह दौड़ मुख्यमंत्री आवास 5 कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे तक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी युवा शक्ति आज देश और दुनिया के सामने अपनी अपार सामर्थ्य का परिचय दे रही है। लेकिन यदि यही शक्ति नशे की चपेट में आ जाती है, तो उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसीलिए नमो मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें संगोष्ठी, परिचर्चा, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे विविध आयोजन शामिल हैं।

## जीएसटी सुधार : पीयूष गोयल की इंडस्ट्री से अपील, टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार लागू होने से पहले उद्योगों से अपील की है कि टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें।

वस्तु एवं सेव कर (जीएसटी) का नया फ्रेमवर्क 22 सितंबर से लागू हो रहा है। इसके तहत मौजूदा टैक्स स्लैब की संख्या चार - 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत से घटकर दो - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएगी। इसके साथ ही सरकार ने कई चीजों को टैक्स काफी कम किया है, जिसका फायदा भी इसी दिन से आम लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा।

इसके अलावा सरकार ने सिन और लग्जरी गुड्स पर 40 प्रतिशत का टैक्स निर्धारित किया है।



केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा, कृपया सुनिश्चित करें कि टैक्स कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। इससे उद्योग जगत को भी लाभ होगा।

गोयल ने आगे कहा कि सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में है।

उन्होंने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों का जिक्र किया, जिनमें नई लॉजिस्टिक्स नीति लागू करना, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे-मोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योग पर अनुपालन का बोझ कम करना शामिल है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऑटोमोबाइल जैसे कुछ क्षेत्रों ने पहले ही लाभ ग्राहकों को पहुंचाना शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करके भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना चाहती है।

इस महीने की शुरुआत में, केंद्र ने व्यवसायों को कारों और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं सहित वस्तुओं की अस्थायी मूल्य सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था, जिससे जीएसटी दर सुधारों के तहत कीमतों में आई कमी को दर्शाया जा सके।

## पाक की नापाक हरकत - फिर किया सीजफायर का उल्लंघन, एलओसी पर 40 मिनट तक अंधाधुंध फायरिंग

### सेना ने दिया करारा जवाब

**एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना ने शाम उत्तरी कश्मीर के नौगाम सेक्टर (कुपवाड़ा) में बिना उकसावे के सीजफायर उल्लंघन करते हुए गोलाबारी की। यह घटना भारत-सऊदी अरब रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद हुई। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और दुश्मन की एक निगरानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, शाम करीब साढ़े पांच बजे पाकिस्तान की ओर से नौगाम सेक्टर के तूतमार गली इलाके में भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की गई। शुरू में भारतीय सेना ने संयम बरता, लेकिन जब गोलाबारी तेज हो गई तो जवाबी कार्रवाई की गई। दोनों ओर से करीब 40 मिनट तक भीषण फायरिंग होती रही।

## सुपरस्टार मोहनलाल के सिर सजेगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड का ताज, भारत सरकार ने किया ऐलान

एजेंसी

भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान, दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023 के विजेता के नाम का ऐलान हो गया है। भारत सरकार ने घोषणा की कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक मोहनलाल को प्रदान किया जाएगा। इस खबर के सामने आते ही देश भर में, खासकर उनके प्रशंसकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। यह ऐतिहासिक पुरस्कार मोहनलाल को 23 सितंबर, 2025 को आयोजित होने वाले 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान



किया जाएगा। इस बड़ी घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर मोहनलाल को बधाई दी। उन्होंने लिखा, मोहनलाल जी उत्कृष्टता और बहुमुखी प्रतिभा के प्रतीक हैं। दशकों तक फैले उनके शानदार करियर ने उन्हें मलयालम सिनेमा और थिएटर का सबसे चमकता सितारा बना दिया है। वह केरल की संस्कृति के प्रति बेहद जुनूनी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बधाई देते हुए कहा, केरल की खूबसूरत धरती से लेकर दुनिया भर के दर्शकों तक, उनके काम ने हमारी संस्कृति का जश्न मनाया है। उनकी विरासत भारत की रचनात्मक भावना को प्रेरित करती रहेगी। मोहनलाल का फिल्मी सफर लाखों लोगों के लिए प्रेरणा रहा है। अपने चार दशक से अधिक के करियर में उन्होंने 400 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। मलयालम के अलावा, उन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है।

विश्व | ग्वांगझू के लिए शुरू की सीधी उड़ान

## नेपाल आंदोलन के बाद चीन के साथ संबंधों को गहरा करने में जुटा काठमांडू

काठमांडूः

नेपाल में तख्तापलट के बाद चीन से संबंधों को और गहरा करने का प्रयास शुरू कर दिया है। इस दिशा में पहला कदम उठाते हुए नेपाल ने काठमांडू से चीन के ग्वांगझाऊ तक सीधी फ्लाइट शुरू करने का ऐलान किया है। यह फैसला दोनों देशों में नजदीकियां बढ़ाने के साथ व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

### नेपाल की विमानन कंपनी की घोषणा

नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने राजधानी काठमांडू से चीन के ग्वांगझाऊ के लिए बृहस्पतिवार से सीधी उड़ानें शुरू करने की रविवार को घोषणा की। नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन (एनएसी) के




प्रवक्ता मनोज कुमार शाह ने बताया कि पहली बार काठमांडू से गुआंगझाउ के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारी ने बताया कि एनएसी इस मार्ग पर सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगा।

### कितना होगा किराया

नेपाल से चीन के लिए पहली उड़ान बृहस्पतिवार और दूसरी 28 सितंबर को निर्धारित है। एनएसी ने बताया कि इसके बाद हर रविवार, मंगलवार और शनिवार को ग्वांगझू के लिए सीधी उड़ानें होंगी। एनएसी ने काठमांडू से ग्वांगझू का एकतरफ़ा किराया 30,000 नेपाली रुपये और वापसी का किराया 50,000 नेपाली रुपये तय किया है।

हिमालय एयरलाइंस भी नेपाल से इस मार्ग पर नियमित उड़ानें संचालित कर रही है, जबकि चीनी एयरलाइन कंपनी चाइना सदर्न भी ग्वांगझू-काठमांडू मार्ग पर नियमित उड़ानों का संचालन कर रही है।

# सऊदी अरब की भीख से चल रहा पाकिस्तान का गुजारा

एजेंसी

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान का गुजारा सऊदी अरब से मिली भीख पर चल रहा है। पाकिस्तान को सऊदी अरब ने सिर्फ 4 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर सस्ता ऋण मुहैया कराता आ रहा है। इससे भिखारी पाकिस्तान की रोजी-रोटी चल पा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान को मिलने वाले सस्ते विदेशी ऋ णों में सऊदी अरब उसका प्रमुख स्रोत बना हुआ है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई।

**सऊदी अरब चीन से भी बड़ा मददगार**

सऊदी अरब अब पाकिस्तान का चीन से भी बड़ा मददगार बन चुका है। खबर के मुताबिक, सऊदी अरब द्वारा पाकिस्तान को दिये गए ये ऋ्रण चीन से मिलने वाले ऋ्रण की तुलना में लगभग



एक-तिहाई सस्ते हैं। साथ ही, विदेशी वाणिज्यिक उधार से आधी लागत पर हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया, सऊदी अरब द्वारा दी गयी दो अरब अमेरिकी डॉलर की नकद जमा सुविधा की अवधि दिसंबर में पूरी होने वाली है और वित्त मंत्रालय इसे फिर से आगे बढ़ाने की योजना बना रहा है।

सऊदी अरब के अलावा आईएमएफ का भी बड़ा कर्जदार है पाकिस्तान

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम के तहत बाह्य वित्तपोषण की कमी को पूरा करने के लिए प्राप्त 3 अरब अमेरिकी डॉलर के एक और सऊदी ऋ ण की अवधि अगले वर्ष जून में पूरी हो जाएगी। आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के तीन ऋ्रणदाता, सऊदी अरब, चीन और संयुक्त अरब अमीरात तीन साल के कार्यक्रम के पूरा होने तक अपनी नकद जमा राशि बनाए रखेंगे। खबर के मुताबिक, इन देशों ने पाकिस्तान को कुल 12 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋ्रण दिया हुआ है, जो पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक के 14.3 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा है।

आपको बता दें कि पाकिस्तान चीन के साथ भी रिश्ता रखता है तो उसके पीछे मकसद केवल धन वसूली कर्ज के तौर पर ही होती है क्योंकि वह एक ऐसा मुल्क है जिसकी गरीबी का किस्सा पूरा विश्व जानता है।

### पाकिस्तान को सस्ता ऋण दे रहा सऊदी अरब

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, रियाद ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद को दिये दो अलग-अलग नकद ऋणों पर केवल 4 प्रतिशत ब्याज दर वसूली। सऊदी अरब ने यह ऋण एक साल के लिए दिया था, लेकिन वह अब तक चुका नहीं पाया है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार एक वर्ष के लिए दिये गए इस ऋ्रण को पाकिस्तान द्वारा चुकाया जाना अभी बाकी है। सऊदी, बिना कोई अतिरिक्त ब्याज लगाए इन ऋणों को वार्षिक रूप से आगे बढ़ा रहा है।

## बिहार के मोतिहारी में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिक पकड़े गए, उर्दू में लिखे दस्तावेज भी बरामद

**मोतिहारी** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन इलाके से पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त कार्रवाई में पांच संदिग्ध विदेशी नागरिकों को पकड़ा है।

इनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए विदेशी नागरिक नेपाल के रास्ते बिहार पहुंचे थे। बताया जाता है कि शनिवार की देर रात एसएसबी को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध विदेशी पटना जाने की फिराक में हैं और एक गांव से निकले हैं।

एसएसबी के अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसएसबी और पुलिस की एक संयुक्त टीम घोड़ासहन बस स्टैंड पहुंची और तलाशी शुरू की। इसके बाद पुलिस ने एक यात्री बस में सवार सभी चार लोगों को हिरासत में ले लिया। एक व्यक्ति बाद में पकड़ा गया। सभी अंधेरे में एक यात्री बस में सवार थे। बताया गया कि पकड़े गए विदेशियों में चार सूडानी और एक बोलिविया का नागरिक है। इनके पास से उर्दू में लिखे नोट्स, कुछ पुस्तकें और दस्तावेज बरामद हुए हैं। मोतिहारी पुलिस ने मुख्यालय को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि टीम सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए लोगों की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस उनके पास से मिले कागजातों की जांच कर रही है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान सूडान निवासी अब्दुल फितह (44), रमा सिद्दीकी (38), अली अब्दुल गफ्फार (27), अहमद डफआला (37) तथा बोलिविया निवासी मिगुएल सोलानो चावेज के रूप में हुई है।

# आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व मे अशांति है - संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज

### भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है,



**रायपुर, )।** राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन मे आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में में स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने कहा कि भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है,आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व मे अशांति है। भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है। मन को साधें , तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा। बाहर की लड़ाइयाँ भीतर की हार से जन्म लेती हैं।

संत प्रवर श्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध है जिसने विरासत के रूप में आध्यात्मिकता को मानव कल्याण के लिए सहज रूप में प्रदान किया है। जो धर्म से लेकर मोक्ष की यात्रा कराती है। जो विश्व की आदि संस्कृति, विश्ववारा संस्कृति है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की चतुस्सूत्री ही भारतीय संस्कृति का आधार है।

आयोजकों ने बताया कि समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव विहंगम योग संत समाज के 102वें वार्षिकोत्सव एवं 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज द्वारा 29 जून को संकल्प यात्रा का शुभारंभ कश्मीर की धरती से हो चुका है।

यह संकल्प यात्रा जम्मू - कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान,हरियाणा, चंडीगढ़,उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा के बाद अब छत्तीसगढ़ मे गतिमान है. इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्व्यापी स्वर्वेद सन्देश यात्रा के रूप में पहुँच चुकी है। 25 एवं 26 नवम्बर 2025 को विशालतम ध्यान-साधना केंद्र (मेडिटेशन सेंटर) स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी के पावन परिसर में 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना है। उसी क्रम में यह स्वर्वेद सन्देश यात्रा हो रही है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को पूरे भारतवर्ष में लाभ मिल सके।

इस अवसर पर प्रमुखरूप से डॉ पूर्णेंदु सक्सेना क्षेत्रीय संघ चालक मध्य भारत, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा राष्टीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, बबन सिंह, कोटेश्वर चापड़ी, मनेश्वर नाग, उमेश पांडे पुरुषोत्तम सपहा,ऋह्ह साहू, सुधीर सपहा, योगेश्वरानंद नेताम, शंकर सावरकर, पवन धीवर, प्रेम मिश्रा, हरीश फरीकार , सहित लगभग 2 हजार की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## सविता रजक बकरी पालन व्यवसाय को बढ़ा रही आगे

### महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना का मिला लाभ

**जशपुर ।** केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुलदुला ब्लॉक के ग्राम छेड़डाड़ की रहने वाली श्रीमती सविता रजक इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। बिहान योजना के तहत पीएम मुद्रा लोन का लाभ उठाते हुए उन्होंने बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने पैरों पर खड़ी होकर गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली श्रीमती सविता का सपना था कि वह परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारते हुए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें। अपने इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने बिहान योजना के तहत महिला ग्राम संगठन से जुड़कर अपना सफर शुरू किया। समूह के माध्यम से उन्हें बैंक लिंकेज, महिला ग्राम संगठन से 50 हज़ार रुपए तथा पीएम मुद्रा लोन के तहत 1 लाख रुपए का सहयोग मिला। इस राशि से उन्होंने बकरी पालन की शुरुआत की, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।बकरी पालन से सविता को प्रतिमाह लगभग 10 हज़ार रुपए की आय हो रही है। इस आय से वह अपने बच्चों की पढ़ाई और परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं। धीरे-धीरे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाने तथा अधिक लाभ अर्जित करने की दिशा में भी वह निरंतर प्रयास कर रही हैं। श्रीमती सविता कहती हैं कि बिहान योजना और पीएम मुद्रा लोन से मिले सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।

## रविशंकर विवि के आजाद हास्टल के छत का प्लास्टर गिरा, बड़ी अनहोनी घटना टली

### रजिस्ट्रार सहित कुलपति वस्तुस्थिति की जानकारी लेने पहुंचे



**रायपुर ।** रविशंकर विवि परिसर में स्थित आजाद हास्टल के छत का प्लास्टर गिर गया जिससे बड़ी अनहोनी घटना टल गई है।

रविशंकर विवि कैंपस के अंदर आजाद हास्टल एक बहुत पुराना हास्टल है जहां पर पीजी के छात्र रहते हैं। इन छात्रों ने जर्जर भवन की शिकायत कई बार की थी। यहां पर लंबे अर्से से पानी गिर रहा है जिसके कारण छत में पानी का जमाव हो रहा था। कल बीती रात बाथरूम तथा अन्य कमरों का छत का प्लास्टर गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही रजिस्टार और कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला घटनास्थल पर जानकारी लेने के लिए पहुंचे। छात्रावास तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाएगा। छात्रों को नवीन हास्टल में स्थानांतरित किया जाएगा।

रविशंकर विवि के परिसर में इस समय सभी हास्टल जर्जर हालत में है इनके मरम्मत एवं सुधार के निर्देश दिये गये है लेकिन इस संबंध में रविवि प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है जिसको लेकर छात्रों में रोष है। इस हास्टल में पूर्व छात्र के रूप में वर्तमान गृहमंत्री सहित अन्य लोग अध्ययन कर चुके है। जिसके कारण यह हास्टल काफी पापुलर है। जशपुर 20 सितम्बर (आरएनएस)। जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में आज दिनांक 20.09.2025 को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्कूली छात्रों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।रैली में स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए हाथों में स्वच्छता संदेश से लिखे हुए बैनर, तख्तियां और नारों के माध्यम से लोगों को अपने घर, मोहल्ले और ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया।

रैली के दौरान स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन, कचरा डस्टबिन में डालें जैसे नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि स्वच्छता केवल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शांताराम सर्राफ को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित शांता राम सर्राफ जी की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री साय ने शांता राम सर्राफ जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, श्री लखनलाल देवांगन,दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, गजेन्द्र यादव, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े सहित अन्य गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक रीनू ठाकुर का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री साय ने जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक श्रीमती रीनू ठाकुर के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि रीनू ठाकुर अपनी कर्त्तव्यपरायणता, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व तथा मधुर व्यवहार के कारण विभागीय परिवार में विशिष्ट स्थान रखने वाली अधिकारी रहीं। उन्होंने विभागीय दायित्वों का निर्वहन सदैव पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ किया और अपने कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

## भाजपा सरकार सदैव किसान हितैषी, आगे भी किसानों के हित में योजनाएँ लाने के लिए प्रतिबद्ध है : रंजना साहू

### सहकारी समिति डोमा की वार्षिक आमसभा संपन्न, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू की गरिमामयी उपस्थिति



**धमतरी ।** सहकारी समिति डोमा की वार्षिक आमसभा का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों की उन्नति एवं उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं, इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने सहकारी समिति के सदस्यों व कर्मचारियों को कहा कि किसानों की सुविधा हेतु निरंतर तत्परता से कार्य करें एवं किसानों के हित में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसान हितैषी रही है और आगे भी किसानों के हित में योजनाएँ लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा को संबोधित करते हुए सहकारी समिति अध्यक्ष श्री तुलाराम साहू ने समिति की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी एवं किसानों के लिए किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में समिति किसानों को और अधिक सुविधाएँ देने हेतु योजनाबद्ध कार्य करेगी। भाजपा जिला महामंत्री श्री राकेश साहू ने कहा कि सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने में सहकारी समितियों की अहम भूमिका है। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना की और किसानों को जागरूक रहने की अपील की, जिससे वे योजनाओं का लाभ समय पर उठा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन, समिति के सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय कर्मचारियों को केवाईसी का कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश



**सुकमा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि विभाग के अधीनस्थ समस्त शासकीय सेवकों का प्रोफाईल इंप्लॉय कॉर्नर एप अथवा इंप्लॉय कार्नर पोर्टल के उपयोग हेतु जानकारी अद्यतन किया जाना है। प्रोफाईल अपडेशन (ई केवाईसी) का कार्य 30 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। (ई केवाइसी) का कार्य की पूर्णता का प्रमाण-पत्र माह सितम्बर के वेतन देयक के साथ अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। कोषालय अधिकारी ने सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर कार्यालय के शासकीय सेवकों का प्रोफाईल अपडेशन (ई केवाईसी) का कार्य 30 सितम्बर 2025 के पूर्व पूर्ण कराने कहा है। जिससे शासकीय सेवकों को वेतन आहरण संबंधी कोई असुविधा न हो।

### रक्तदान महादान- सेवा पखवाड़ा में उद्योगपतियों ने बढ़ाया कदम

**बीजापुर ।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिला बीजापुर में कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर के तत्वाधान में तथा जिले के उद्योगपतियों के सहयोग से जिला चिकित्सालय बीजापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के उद्यमियों ने %%रक्तदान-महादान%% के नारे के साथ उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान के पश्चात उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रक्तदान कर उन्हें गर्व और संतोष का अनुभव हुआ। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान सड्ढे किसी एक की जिंदगी बचाने का अवसर मिलता है और भविष्य में भी पुन~ रक्तदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नर्वेद सिंह, जिला संगठक, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग की ओर से महेश कुमार किरणापुरे, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर सहित नूतन कुमार नायक, रोहन बघेल, शंकर पुजारी, अनत कुमार मण्डावी, विष्णु भंडारी आदि ने रक्तदान कर सेवा पखवाड़ा को सार्थक बनाया। 0

सक्षम कोचिंग में सीआरपीएफ भर्ती हेतु विशेष कक्षाएँ 25 सितम्बर से

सुकमा, 19 सितम्बर (आरएनएस)। जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) भर्ती अभियान की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कक्षाएँ 25 सितम्बर 2025 से नियमित रूप से प्रात~ 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगी। इच्छुक अभ्यर्थी जिला ग्रंथालय, पुराना कलेक्ट्रट सुकमा में कार्यालयीन समय में आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। ज्ञात हो कि सीआरपीएफ द्वारा सुकमा जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 21 से 28 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए सिपाही (जीडी) के 152 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार 6 अक्टूबर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक जिला पुलिस लाइन, पुसामी पारा, धानमंडी, सुकमा में आवेदन कर सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 21 अक्टूबर 2025 से 6 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। तत्पश्चात योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा निर्धारित तिथि पर ली जाएगी।

## महारानी अस्पताल जगदलपुर में एचआईवी एक्ट 2017 अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला संपन्न



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर के तत्वावधान में एचआईवी एक्ट 2017 अंतर्गत एचआईवी/एड्स विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन महारानी अस्पताल जगदलपुर के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय पांडे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमसिंह देवांगन अध्यक्ष नगर पालिक निगम जगदलपुर ने की इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंच, सरपंच, सचिव, चिकित्सा कर्मी, दीदियां एवं स्वास्थ्य सेवकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही हमारा प्रथम धर्म है। हमें समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। एचआईवी/एड्स से संबंधित किसी भी प्रकार के भ्रम या भ्रांति से दूर रहना आवश्यक है, क्योंकि जानकारी ही बचाव है। अध्यक्षता कर रहे खेमसिंह देवांगन ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। जागरूक नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने एचआईवी/एड्स के संक्रमण, लक्षण, रोकथाम और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही बताया गया कि समझदारी और सही जानकारी ही संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य सेवकों ने भी प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया और एचआईवी एक्ट 2017 की प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। अंत में स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की जनहितैषी गतिविधियां जारी रखने

## बगीचा में आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से जशपुर बन रहा खेलों का नया केंद्र, तेजी से सुविधाएं की जा रही है विकसित



**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में खेल प्रतिभाओं को पहचान और बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार दूरदर्शी सोच के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी चमक बिखेरें और देश व राज्य का नाम गौरवान्वित करें। मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर ही खेल मैदानों और आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण की लगातार स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही निर्माण भी कार्य सतत् रूप से जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री साय के कार्यकाल में 2.83 करोड़ लागत के बगीचा में स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस स्टेडियम में वुडन फ्लोरिंग युक्त दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। साथ ही खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी विकसित की जाएँगी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों ने इस पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि अब उन्हें बड़े शहरों जैसी खेल सुविधाएँ अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी, जिससे बेहतर खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे।

खेल ग्राउंड सहित जरूरी अधोसरंचना निर्माण की निरंतर मिल रही हैं स्वीकृतियाँ

आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के खिलाड़ियों ने अपने मेहनत और प्रतिभा से तीरंदाजी,ताईक्वांडों तैराकी, एथेलेटिक्स और हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी है। मुख्यमंत्री साय ने जिले को खेल की दुनिया में एक अलग पहचान दिलाने दृढ़संकल्पित है। उनके प्रयासस्वरूप सत्रा में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीरंदाजी अकादमी और कुनकुरी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्वीकृति प्रदान की गई है। रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाने की घोषणा। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रो टर्फ हाकी मैदान के पास बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को कलेक्टर ने दी बधाई,मेहनत और समर्पण से,सफलता मिलती हैं

**बीजापुर ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी में द्वारा पुरस्कृत जिले के दो शिक्षक अरुण सिंह व्याख्याता और जगदीश्वर तोर्रेम प्रधान अध्यापक को कलेक्टर संबित मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला कार्यालय में कलेक्टर से मुलाकात कर शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा मेहनत पर बल दिया।इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के दोनों शिक्षकों से उनके उपलब्धि पूर्ण कार्यकाल की जानकारी प्राप्त की और अपनी उपलब्धियों से अन्य शिक्षकों को प्रेरित करने को कहा । गौरतलब है अरुण सिंह हाई स्कूल ईटपाल में और जगदीश्वर तोर्रेम बालक आश्रम एडापल्ली सैंड्रा में कार्यरत होकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर रहे है । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने भी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। 0




### नशामुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ 21 सितम्बर को प्रात~ 07 बजे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत् बीजापुर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत् 21 सितम्बर 2025 को प्रात~ 07~00 बजे से नशामुक्ति अभियान मैराथन (ओपन कैटेगरी-महिला एवं पुरुष पृथक-पृथक) का आयोजन आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशामुक्त भारत के टैग लाईन के तले किया जाना है। जिसमें बीजापुर जिले में निवासरत किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी उक्त मैराथन में भाग ले सकते हैं। मैराथन में महिला एवं पुरुष दोनो वर्गों के लिये पृथक-पृथक नगद पुरूस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। मैराथन में भाग लेने हेतु मैराथन प्रारंभ स्थल कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 21 सितम्बर 2025 को प्रात~ 06~30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

# प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त कर गढ़ेंगे विकास की राह –मुख्यमंत्री

**बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम के आयोजन से लोगों में बढ़ा सरकार के प्रति विश्वास**

**प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के संकल्प को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है काम**



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को सुदर्शन चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करना, लोगों का विश्वास जीतना और विकास की दिशा में आगे बढ़ना हमारी सरकार के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस उद्देश्य को धरातल पर उतारने के लिए नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के अनेक गांव पुनः आबाद हो चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नक्सलियों की गतिविधियों से निर्दोष लोगों की मौत हो रही थी, आम लोगों की रक्षा करना सरकार का दायित्व है। हमारी सरकार ने नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार बनने के बाद ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन कर नक्सलवाद को समाप्त करने का प्रयास जारी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बस्तर के लोगों को मिल रहा है। वनांचल में तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। नक्सलवादी विचारधारा से लोगों को बाहर निकालकर विकास की धारा में जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम का आयोजन किया गया। बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार लोग शामिल हुए, जिससे यह साबित हुआ कि बस्तरवासी विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी विदेश यात्रा के बारे में बताया कि यह यात्रा अत्यंत सफल रही। जापान में छत्तीसगढ़ पवेलियन के माध्यम से 24 से 31 अगस्त तक हमें राज्य की कला, संस्कृति और संभावनाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया गया है और उन्हें नई उद्योग नीति से भी अवगत कराया गया है। नई उद्योग नीति में रोजगार सृजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग की अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ प्रचुर प्राकृतिक संपदा उपलब्ध है। आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के क्षेत्र में भी यहाँ विशाल संभावनाएँ हैं क्योंकि राज्य का लगभग 44 प्रतिशत हिस्सा वनों से आच्छादित है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ वनांचलों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विकास हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी सहित कई उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना हो चुकी है।मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों से आग्रह किया कि गायों को लावारिस न छोड़ा जाए। लावारिस पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। गौवंश की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोचर भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है।

## केंद्रीय गृहमंत्री को बस्तर दशहरा में आने का आमंत्रण दिया सांसद महेश कश्यप ने



**बस्तर दशहरा धूमधाम के साथ मनाया जाता है**

**सांसद के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है लेकिन वे कब आएंगे इसकी तिथि तय नहीं हुई है**

**रायपुर ।** बस्तर के सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सुप्रसिद्ध बस्तर उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बस्तर दशहरा परंपरागत ढंग से मनाया जाता है। इस अवसर पर माता की सवारी के लिए अन्य कार्यक्रम होते हैं। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में बस्तर के लोग आते हैं। यह पर्व एक महीने तक मनाया जाता है। इस पर्व में बस्तर क्षेत्र के राजशाही परिवार की प्रमुख भूमिका होती है। यहां पर बस्तर से बड़ी संख्या में लोग आते है। बस्तर में इस समय नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है। इसमें पुलिस को निरंतर सफलता मिल रही है। यहां पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का जवानों का उत्साह वर्धन करने के लिए निरंतर दौरा हो रहा है। बताया जाता है कि अमित शाह ने सांसद के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है लेकिन वे कब आएंगे इसकी तिथि तय नहीं हुई है।

## कवि सुरजीत नवदीप की स्मृति में नाट्य मंचन

**रायपुर।** भारतीय साहित्य के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद की दो कालजयी रचनाएं बड़े घर की बेटी और बड़े भाई साहब का नाट्य मंचन शाश्वत उत्सर्ग युथ थिएटर ग्रुप धमतरी एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 20 सितंबर 2025 को समय दोपहर 3:30 बजे से मराठा मंगल भवन मराठापारा धमतरी में आयोजित किया जाएगा। बड़े भाई साहब से भाईचारे, अनुशासन और अनुभवजन्य शिक्षा का अद्भुत चित्रण करती है। वही बड़ी घर की बेटी मे संयुक्त परिवार की स्थिति, परंपरा, आपसी संबंधोऔर सामाजिक मूल्यों को दिखाया गया है। दोनों नाटकों से आपको अपने ही घर परिवार और सामाजिक दायित्वों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही यह भी महसूस होगा कि प्रेमचंद के विचार आज के समय में भी कितने आवश्यक और जीवंत है। इस अवसर पर हम शिक्षक समुदायों, कला- साहित्यकारों एवं आप सभी प्रबुद्ध जनों से सादर निवेदन करते हैं कि इस साहित्यिक यात्रा के सहभागी बने और धमतरी के युवा कलाकारों का उत्साह बढ़ाएं।आपकी उपस्थिति हमारे लिए सम्मान की बात होगी।



## भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला शुरू

**रायपुर ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला शुरू। कार्यशाला में सांसद सीपी जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफ ॉर्म प्रदेश संयोजक एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी मौजूद हैं।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) के लिए पुनर्विचार याचिका दायर करें छत्तीसगढ़ सरकार–शंकर साहू

**रायपुर।** 01 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई में दिए गए आदेश ने देशभर के शिक्षकों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है जिससे कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट)को अनिवार्य कर दिया गया है इस आदेश के बाद छत्तीसगढ़ में भी शिक्षक समुदाय में उहापोह की स्थिति निर्मित हो गई है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षकों की नौकरी व पदोन्नति पर खतरा मंडरा रहा है, इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार की तरह सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ संयोजक- श्रीमती हीना कश्यप, कार्यकारी प्रदेश



अध्यक्ष- नरेंद्र देवदास, संजय मेहर, दीपक प्रकाश, प्रदेश संरक्षक- अनिल रामटेक, प्रेमचंद साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष- प्रेमचंद सोनवानी, आनंद साहू, भुनेश्वरी सहारे, प्रदेश प्रवक्ता- हेमलता बढ़ई, प्रदेश महामंत्री संगठन- जितेंद्र साहू, प्रदेश सचिव- अशोक कुमार तेता, प्रदेश कोषाध्यक्ष- तेजराम कामडिया,प्रदेश महासचिव- भूपेंद्र साहू, रामाधार नायक, प्रदेश मीडिया प्रभारी- रमेश साहू एवं उनकी टीम के टेक्निकल साथियों ने सलाह दिया कि उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की सरकारों की तरह छत्तीसगढ़ सरकार को भी पुनर्विचार याचिका तैयार करने की घोषणा की जाने चाहिए क्योंकि यह फैसला 2011 से पहले नियुक्त हुए राज्य के लगभग 70000 से अधिक शिक्षकों को प्रभावित करेगा और यदि यह फैसला छत्तीसगढ़ में लागू होता है तो बड़े पैमाने पर छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा एवं उनके नौकरी के साथ-साथ विद्यार्थियों की अध्यापन व्यवस्था भी अस्थिर हो जाएगी। वर्तमान में युक्तियुक्तकरण होने के कारण विद्यालय में वैसे भी शिक्षकों की संख्या कम हो चुकी है जिससे शिक्षा के स्तर में भी गिरावट रहा है। 23 अगस्त 2010 की एन.सी.टी.ई. अधिसूचना में यह स्पष्ट उल्लेख है की टेट का प्रावधान आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के लागू तारीख से पहले नियुक्त शिक्षकों पर नहीं होगा।

## खरोरा रोड को किया जाम, केक काटा और दोस्त संग किया आतिशबाजी

**रायपुर ।** खरोरा थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कुछ युवकों ने खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई है। युवकों ने बीच सड़क पर जन्मदिन मनाया है और आतिशबाजी करते हुए केक काटा है। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो की जमकर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, युवकों ने रायपुर से लगे खरोरा में खरोरा-तिल्दा मार्ग पर देर रात ट्रैफिक रोककर जन्मदिन मनाया। इस दौरान युवकों ने आतिशबाजी करते हुए केक भी काटा। जन्मदिन मनाने वाले का नाम वकार अहमद बताया जा रहा है। वहीं रोड पर ट्रैफिक रोककर जन्मदिन मनाने का वीडियो भी सामने आया है।सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि, युवक बीच सड़क पर ट्रैफिक रोककर जन्मदिन मना रहे हैं। इतना ही नहीं युवक जमकर आतिशबाजी भी कर रहे हैं।

## 170 से अधिक बोगस फर्म बनाकर की जीएसटी चोरी, 1.64 करोड़ कैश और 400 ग्राम सोना जब्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में करोड़ों की जीएसटी चोरी का पर्दाफाश हुआ है। यहां 170 से अधिक बोगस फर्म बनाकर जीएसटी की चोरी की जा रही थी। मामले में 1.64 करोड़ कैश और 400 ग्राम सोना जब्त किया गया है। छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग ने जीएसटी एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस नेटवर्क और जीएसटी प्राइम पोर्टल का उपयोग करके बोगस फर्म और बोगस बिल तैयार करने वाले सिंडिकेट का खुलासा किया है।

इस मामले का मास्टर माइंड मोहम्मद फरहान सोरठिया है, जो जीएसटी के कर सलाहकार के रूप में कार्य करता था। इस सिंडिकेट की वजह से राज्य को हर महिने करोड़ों रुपये के कर राजस्व का नुकसान होता था। मो. फरहान के बोगस फर्मों से संबंधित




दस्तावेज छुपाये जाने की सूचना पर विभाग ने 17 सितंबर को फरहान के चाचा मो. अब्दुल लतीफ सोरठिया के आवास में सर्च (जांच) किया गया। वहां अधिकारियों को 1 करोड़ 64 लाख रुपये के नोट और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट मिले। विभाग के अधिकारियों ने इसे जब्त कर के आयकर विभाग को सूचना दे दी है।

जीएसटी इन फर्मों से करोड़ों रुपए के जीएसटी फ्रॉड की राशि की गणना कर रही है। इस प्रकरण में कई ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट के लाभ लेने वाली कम्पनियाँ भी विभाग के जांच के दायरे में है। राज्य कर विभाग मामले की

**एक महिने से काम कर रही थी टीम**

राज्य जीएसटी की बीआईयू टीम इस प्रकरण पर एक महिने से कार्य कर रही थी। मास्टर माइंड मो. फरहान सोरठिया के ऑफिस में 12 सितंबर को जांच की गयी। जांच के दौरान यहां से 172 फर्मों के बारे में जानकारियां मिली। फरहान ने अपने पांच ऑफिस स्टॉफ को फर्मों का पंजीयन कराने, रिटर्न फाइल करने और ई-वे बिल तैयार करने के लिये रखा था। इसके अलावा मास्टरमाइंड के आफिस से बोगस पंजीयन के लिये किरायानामा, सहमति पत्र, एफिडेविट तैयार करने के भी साक्ष्य मिले हैं।

**26 बोगस फर्मों से ही 822 करोड़ का** ई-वे बिल जनरेट किया गया, जबकि रिटर्न में 106 करोड रुपये का ही टर्नओव्हर दिखाया गया है। केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रुपये के जीएसटी का नुकसान होने का प्रारंभिक आंकलन है। यहां से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, राज्य के भीतर और पंजाब, असम, मणिपुर, ओडिसा में भी पंजीयन लिया गया है। पंजीयन के लिए बोगस दस्तावेज जैसे किरायानामा एवं सहमति पत्र भी तैयार किये जाते थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

## छत्तीसगढ़ नेट–सेट–पीएचडी संघर्ष संघ की मांग, सहा. प्रध्यापक भर्ती 3 हजार रिक्त पदों की हो शीघ्र भर्ती

**लोकशक्ति।** छत्तीसगढ़ के नेट सेट पीएचडी संघ ने उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी से दिनांक 25/8 / 2025 को मुलाकात कर सहायक प्राध्यापक की वैकेंसी जल्द निकालने हेतु प्रार्थना पत्र दिए थे और सभी मंत्रियों और विधायको से मुलाकात किये थे । इससे पूर्व भी उसके पश्चात् दिनांक 14.9.2025 को सहायक अध्यापक के 625 पद क्रीड़ा अधिकारी के 25 पद तथा ग्रंथपाल के 50 पदों पर भर्ती करने हेतु वित्त विभाग से स्वीकृति मिली मंत्री जी का मीडिया के सम्मुख बयान आया था की भर्ती हेतु विज्ञापन सितंबर माह में ही आएगा । इस इसी परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा हेतु प्रस्ताव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को भेजा जाएगा ।

लेकिन छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वितीय सत्र फरवरी मार्च 2024 के विधान सभा सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के 2169 पद रिक्त हैं।

लेकिन सिर्फ 625 सहायक प्राध्यापक के पदों पर घोषणा से अभ्यर्थियों में असंतोष है यह भर्ती उट के मुह में जीरा है इससे महाविद्यालय के शिक्षा स्तर में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।




**सहायक प्राध्यापक के पदों की संख्या में वृद्धि होना चाहिए, जिसके निम्न कारण है :**

1. NRIF द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में टॉप 100 कॉलेज में छ. ग. राज्य का एक भी कॉलेज शामिल नहीं है । NAAC द्वारा दी जाने वाली रैंकिंग में भी बहुत पीछे है। जिसका मुख्य कारण स्थायी सहा. प्राध्यापक का न होना है। इसलिए 625 नहीं बल्कि सभी 2169 पदों पर भर्ती आवश्यक है। 2. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्षों में 2009, 2014,2019 मात्र तीन बार सहायक प्राध्यापक भर्ती हुई है। छत्तीसगढ़ में वर्ष में दो बार युवाओं की संख्या बहुत अधिक है।

आयोजित होने वाले यूजीसी नेट सी जी सेट व पीएचडी इस बीच में नवीन महाविद्यालय भी खुले एवं लगातार सहायक प्राध्यापक सेवानिवृत भी हुए है। जिससे रिक्त पद बढ़ रही हैं। इसलिए 625 पदों की संख्या बहुत कम है

3. छत्तीसगढ़ राज्य बनने की उपरांत प्रायः यह देखा गया है कि सरकार के एक कार्यकाल में सहायक प्राध्यापक भर्ती एक कार्यकाल एक बार हो पाती है। और 1 से 2 वर्ष से भी अधिक समय लग जाता है इसीलिए सभी रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती होना चाहिए

4. माननीय पूर्व शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने लोकसभा चुनाव से पूर्व विधान सभा में 2169 सहायक प्राध्यापक के भर्ती की घोषणा किये थे, अतः घोषणा के अनुसार 2169 पदों को भरा जाये ना की सिर्फ625 को।

आयु सीमा में एक बार के लिए 5 वर्ष की छुट दिया जाना चाहिए।

विगत छह वर्षो से भर्ती नहीं होने से कई लोगों का उम्र सीमा पर हो रही है उनको मौका मिले बिना, उनसे मौका छिनना उचित नहीं होगा

### हमारी प्रमुख मांगे

1. सहायक प्राध्यापक आयोजित भर्ती परीक्षा 625 पद के स्थान पर वादा अनुसार 2169 पदों पर भर्ती परीक्षा 2. सिर्फएक बार के लिए उम्र सीमा में 5 वर्ष का छूट देकर अधिकतम आयु सीमा को 50 वर्ष किया जय 3. आगामी परीक्षा निर्धारित समय सीमा पर हो और सहायक प्राध्यापक के लिए कैलेंडर बनाया जाये। जिससे नियमित समय में यह परीक्षा आयोजित हो। 4. पारदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन हो।

## आएमए तरंग कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा 20 एवं 21 को

**विषय-विशेषज्ञ देंगे महत्वपूर्ण मार्गदर्शन**

**रायपुर ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) 20 एवं 21 सितम्बर को तरंग कॉन्क्लेव का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम में करेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए आईएमए के पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि कार्यकम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। कार्यक्रम में बेसिक लाईफ सपोर्ट कार्यशाला को मेंटर डॉ. प्रतिभा शाह आयोजित करेंगे। अस्थि रोग पर डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, डॉ. सुशील शर्मा एलएच-2 में सम्बोधित करेंगे। महिला रोग विशेषज्ञ से संबंधित कार्यशाला में एम्स हॉस्पिटल की डॉ. सरिता अग्रवाल का आयोजन डेमोस्ट्रेशन रूम में किया जाएगा। सर्जरी संबंधित कार्यशाला के मेंटर डॉ. विक्रम शर्मा, डॉ. संदीप दवे और डॉ. यूसुफ मेनन परीक्षा हॉल में उपस्थित जनों को विशेष मार्गदर्शन देंगे। एडवांस ट्रामा लाईफ सपोर्ट पर डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना सभागार में आयोजित कार्यशाला में लोगों को प्रशिक्षण देंगे। ईसीजी प्रशिक्षण में मेंटर डॉ. शेओकुमार शर्मा, एलएस-3 में सम्बोधित करेंगे। बेसिक ऑफ रेडियोलॉजी कार्यशाला के मेंटर डॉ. विवेक महावार होंगे, यह एलएस-2 में आयोजित होगी।

## महापौर ने सुनी लोगों की समस्याएं,कर्मचारियों से कहा त्वरित हल हो

**जगदलपुर ।** नगर निगम महापौर संजय पांडे आज सुबह से ही नगर निगम कार्यालय में बैठे और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

## संपादकीय

### कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल

एआई यानी आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का इस्तेमाल जिस तेजी से प्रचलित होता जा रहा है। वह कई तरह के संकट भी उपजा रहा है।

इसलिए संसद की समिति ने सरकार से एआई के मार्फत गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने वालों की पहचान करने और उन पर मुकदमा दायर करने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है। संचार व सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति ने मसौदा रिपोर्ट में सूचना-प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच सहयोग का आग्रह भी किया है। हालांकि समिति के सुझाव सरकार के लिए मान्य नहीं हैं मगर संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं और सरकार इस पर बार-बार विचार करती रही है इसलिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए दो सॉफ्टवेयर प्रयोग हो रहे हैं।



हमने घर तो सजाया है बहुत, अब देखो आराम कहाँ, दो
वक्त का भोजन, नर्म बिस्तर, रोटी, कपड़ा और मकान
कहाँ।

रोते हुए लोगों को हंसाते रहेंगे हम यहीं,
छोड़कर सर्कस को जाएगा जोकर, उसका ठिकाना
कहाँ।

आस्तीन नहीं उसकी, बांहें ही काट लो,
छुपा कर रखेगा वो अपने खंजर, उसका निशान कहाँ।

सब न्योछावर किए हमने अपने प्यार में,
फिर भी वे चुभाते हैं, उनका असर कहाँ।

जीवन है तो सुख-दु:ख होंगे ही संजीव,
देखिए इस नाव का है किनारा उसका सामना कहाँ।

हमने दिये जलाए उम्मीद के दीप कई,
फिर भी अंधेरों में उनकी परछाई का निशान कहाँ।

सपनों को सजाया हमने, हकीकत से दूर,
अब देखिए टूटे ख्वाबों के बिखरे हुए सामान कहाँ।

साहस की डोर थामे हुए, हम लड़ते हैं हर पल,
फिर भी लड़ाई की छाँव में हमारा आँगन कहाँ।

आशाओं की बगिया में हमने बहारें रोपीं,
अब देखिए पतझड़ में उनका कोई निशान कहाँ।

हमने हर कठिनाई में अपने हौसले बढ़ाए,
फिर भी कटु अनुभवों के बीच हमारा वरदान कहाँ।

जीवन की इस नाव में बंधी हमकदम राहों में,
देखिए अब संगम के किनारे हमारा किनारा कहाँ।

- संजीव ठाकुर

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफऔर कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छोड़कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं।

आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत-अमेरिका का रक्षा सहयोग न केवल द्विपक्षीय है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन के लिए अहम है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता बनी कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं एवं अतिश्योक्तिपूर्ण हरकतों से पिछले कुछ दिनों में बेकार होती हुई दिख रही थी। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत से अब अंधेरे छंटते हुए दिख रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन कायम रखने में और बड़ी भूमिका निभाए, वहीं भारत अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हुए सहयोग को और गहरा करना चाहता है।

भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अमेरिका एक अहम सहयोगी बन सकता है। अमेरिका से तरलीकृत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का आयात बढ़ रहा है। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। तकनीकी क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत है। सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग आने वाले दशकों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। चाहे राजनीति हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या तकनीक-भारतीय-अमेरिकी समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। यह समुदाय भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को भावनात्मक और सांस्कृतिक आधार देता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत में भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा भी हुई, जिसने दोनों देशों के बीच विश्वास और निकटता को और बढ़ाया।

भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं। 9/11 की घटना ने अमेरिका को और 26/11 ने भारत को गहरे जख्म दिए। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों का दृष्टिकोण काफी हद तक समान है। हाल की बातचीत में आतंकवाद को समाप्त करने और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अफगानिस्तान और मध्य-एशिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत और अमेरिका का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निर्णायक हो सकता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत ने यह साबित किया है कि अतीत के मतभेद रिश्तों का अंत नहीं, बल्कि नए संवाद का अवसर बन सकते हैं। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, तकनीक और आतंकवाद जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी है। आज जब दुनिया वैश्विक महामारी, आर्थिक संकट, युद्ध की विभीषिका और भू-राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही है, भारत और अमेरिका की साझेदारी नई दिशा और स्थिरता का संकेत देती है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार-वार्ता में बेशक व्यवधान आए हों, पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच जिस गति से वार्ता हो रही है, उससे वर्ष के अंत तक दोनों में व्यापार समझौता होने की पूरी उम्मीद है। असल में दोनों देशों के बीच पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है, लेकिन 50 फीसदी टैरिफलगाए जाने के बाद छठे दौर की प्रस्तावित वार्ता रुक गई थी, जो बीते मंगलवार से फिर पटरी पर लौट आई है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह से खोले, लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि यह उसके किसानों व मछुआरों के हितों के खिलाफ है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह किसानों, डेयरी उत्पादकों एवं एमएसएमई के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।

दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव था, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो और इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहने के लिए भारत दूसरे देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप पर अधिक भरोसा नहीं कर सकते, लेकिन सवाल यह है कि अब उनकी तरफसे दिखाई जा रही नरमी को क्या एक संकेत माना जाए कि इससे कोई नई राह निकलेगी। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत थी, अब अमेरिका भारत का नजरिया समझने को तत्पर हुआ है तो निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम आयेंगे। **यह निजी विचार है।**

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय मंत्री

याद है कि जब सरकारी दस्तावेज बनवाना बड़ा मुश्किल काम हुआ करता था। कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती। यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है-यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

**गुजरात जहां से शुरुआत हुई**

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24×7 नियमित बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे के पानी का स्तर कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**राष्ट्रीय परिदृश्य**

2014 में उन्होंने गुजरात के अनुभव और सीख को दिल्ली में उतारा। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ तक पहुंचने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़ते थे। आधार आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया। जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

'प्रगति' ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

**सबके लिए तकनीक**

तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है। डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

**अंतरिक्ष और नवाचार**

भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है। चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश। इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया।

**वैश्विक नेतृत्व**

जब कोविड-19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था। इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण। डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

**मैन्युफैक्चरिंग क्रांति**

चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले ÷हैलो वर्ल्ड÷ से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब-मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20त्न से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2एनएम, 3एनएम और 7एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। इन क्षेत्रों में बढ़ोतरी प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम-दर-कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा

पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग-अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।

इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।

एआईकोश प्लेटफ़ॉर्म पर 2,000 से ज़्यादा डेटा सेट मौजूद हैं। मौसम से लेकर मिट्टी की सेहत तक। इन्हीं की मदद से भारत की भाषाओं, क़ानूनों, स्वास्थ्य प्रणालियों और वित्त क्षेत्र के लिए स्थानीय एलएलएम विकसित किए जा सकते हैं।

तकनीक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की समझ भारत की अनूठी एआई रेगुलेशन नीति में भी दिखाई देती है। दुनिया के केवल बाज़ार-आधारित या सरकार-नियंत्रित मॉडल से अलग, वे एक विशिष्ट टेक्नो-लीगल फ्रेमवर्क की कल्पना करते हैं।

सख़्त नियम बनाकर नवाचार को रोकने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा उपायों में निवेश करती है। विश्वविद्यालय और आईआईटी मिलकर डीपफेक, गोपनीयता और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एआई-आधारित उपकरण विकसित कर रहे हैं। यह दृष्टिकोण नवाचार को बढ़ावा देता है और साथ ही सुनिश्चित करता है कि तकनीक ज़िम्मेदारी के साथ लागू हो।

**बुनियादी ढाँचे में तकनीक**

केवड़िया में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 182 मीटर ऊंची है। यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। 3डी मॉडलिंग और ब्रॉन्ज क्लैडिंग तकनीक से बनी यह प्रतिमा हर साल लगभग 58 लाख पर्यटकों को आकर्षित करती है। इस परियोजना से हज़ारों नौकरियाँ बनीं और केवड़िया एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन गया।

चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाक़े से होकर गुजरती है और इसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है। ये सिर्फ़ इंजीनियरिंग की अद्भुत कृतियां नहीं हैं, बल्कि यह मोदी जी की उस सोच को दर्शाते हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है।

**मानव जुड़ाव**

प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को समझते हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर समझते हैं। उनकी अंत्योदय की सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। यूपीआई कई भाषाओं में काम करता है। सबसे गरीब किसान और सबसे अमीर उद्योगपति, दोनों की एक जैसी डिजिटल पहचान है।

सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआई से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए ज़रूरी माना है। जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है। जो शुरुआत में भारत का समाधान था, वही अब पूरी दुनिया के लिए डिजिटल लोकतंत्र का मॉडल बन गया।

गुजरात में शुरुआती प्रयोगों से लेकर डिजिटल इंडिया के शुभारंभ तक की यात्रा यह दिखाती है कि तकनीक में ज़िंदगी बदलने की शक्ति है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं, तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगा सकता है।

**(लेखक भारत सरकार के रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं)**

# कुमार साहू भोलापुर परिक्षेत्र साहू समिति के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

## अध्यक्ष कुमार साहू सहित नवनिर्वाचित पदाधिकरियो ने शपथ ग्रहण किया

लोकशक्ति




राजनांदगांव।तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के निर्वाचन हेतू नियुक्त निर्वाचन अधिकारी श्री सुकृत साहू संयोजक कबीर मंच तहसील छुरिया एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी किशून साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील छुरिया के द्वारा दिनांक 21सितंबर 2025 दिन रविवार को मां कर्मा भवन भोलापुर परिक्षेत्र भोलापुर में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कुमार साहू को निर्विरोध अध्यक्ष, तेजालाल साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती रामकुमारी साहू उपाध्यक्ष, जागृतदास साहू संगठन सचिव, श्रीमती तेजबती साहू संगठन सचिव पद के लिए एक एक नामांकन पत्र प्राप्त होने पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को निर्वाचन प्रमाण पत्र के बाद कार्यकारिणी गठन के बाद शपथ दिलाया गया । परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के अध्यक्ष द्वारा शीशुपाल साहू संरक्षक, स्यामलाल साहू संरक्षक, दुकालू साहू सलाहकार, मंगल साहू सलाहकार,ललित साहू सचिव, मुनीम साहू कोषाध्यक्ष एवं पितांबर साहू को अंकेक्षक मनोनीत किया गया। साथ ही अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयो का भी मनोनयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को सामाजिक बांधुओ द्वारा गुलाल लगाकर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार निकोबार में पोषण के महत्व को प्रदर्शित किया



रायपुर संवाददाता

कार निकोबार स्थित बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में पोषण माह 2025 का औपचारिक शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सीडीपीओ के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें 8वें राष्ट्रीय पोषण माह और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने संतुलित आहार पर एक लघु नाटिका के माध्यम से पोषण के महत्व को दर्शाया। स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सहयोगी विभागों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने में एकजुट होने पर सहमति व्यक्त की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माताओं और अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषण उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए ली गई सामुदायिक शपथ थी।



सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की परियोजना विजयक ने लद्दाख के कारगिल में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया।



उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद खोज और बचाव अभियान के दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के जवान।

# समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) पर डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन

पीआईबी

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) का राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), विकास अध्ययन केंद्र (सीडीएस), तिरुवनंतपुरम के सहयोग से, 22 सितंबर, 2025 को तिरुवनंतपुरम, केरल में समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस), 2024 पर एक डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य डेटा उत्पादकों और उपयोगकर्ताओं के बीच संवाद को मज़बूत करना है, जिससे सामाजिक-आर्थिक नीति निर्माण में टीयूएस डेटा के महत्व और अनुप्रयोगों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त हो सके। समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) इस बारे में महत?वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है कि व्यक्ति विभिन्न भुगतान और अवैतनिक गतिविधियों, देखभाल कार्य, सीखने और अवकाश के दौरान अपने समय का किस प्रकार उपयोग करते हैं। टीयूएस 2024, 2019 के पिछले सर्वेक्षण पर आधारित है और भारत में कार्य और जीवन पद्धति में बदलावों, विशेष रूप से लैंगिक भूमिकाओं और विकसित होती सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता के संदर्भ में तुलनात्मक साक्ष्य प्रदान करता है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि श्री के.एम. चंद्रशेखर, पूर्व कैबिनेट सचिव, डॉ. सौरभ गर्ग, आईएएस, सचिव, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, डॉ. इंदिरा हिरवे, पूर्व निदेशक, सेंटर फॉर डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स, प्रो. वीरमणि।

# 'सेवा पर्व' के अवसर पर केवीआईसी द्वारा खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ

पीआईबी

अध्यक्ष केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किया खादी महोत्सव-2025 का शुभारंभ।

17 सितंबर से 23 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश में 'खादी महोत्सव-2025' का होगा आयोजन।

17 से 19 सितंबर तक केवीआईसी के मुख्यालय मुंबई में स्वदेशी और स्वच्छता को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

अध्यक्ष केवीआईसी के नेतृत्व में 18 सितंबर को मुंबई के जुहू बीच में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष केवीआईसी ने कहा, 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' मंत्र के साथ केवीआईसी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वदेशी क्रांति' को जन-जन तक पहुंचा रहा।

'सेवा पर्व' के अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 सितंबर से 23 अक्टूबर तक पूरे देश में 'खादी महोत्सव-2025' का आयोजन कर रहा है।



17 सितंबर को केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। इसके उपरांत केवीआईसी के केंद्रीय कार्यालय मुंबई में 18 और 19 सितंबर को स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

18 सितंबर को मुंबई के जुहू बीच पर 'सेवा पर्व-2025' के तहत विशेष स्वच्छता अभियान-05 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने स्वच्छता अभियान की अगुआई की और 'स्वच्छता से राष्ट्र सेवा' का संदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अभियान में केवीआईसी के सैकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। 19 सितंबर को केंद्रीय कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, कर्मचारियों और अधिकारियों को आयोग के अध्यक्ष द्वारा सम्मान-पत्र व पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने कहा कि 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' मंत्र के साथ केवीआईसी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वदेशी क्रांति' को जन-जन तक पहुंचा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वानङ्क ÷सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा÷ से प्रेरित होकर केवीआईसी राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने खादी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कभी ब्रांड्स प्राथमिकता थे, लेकिन अब खादी हमारी प्राथमिकता बन गई है। खादी अब केवल वस्त्र नहीं, बल्कि पूज्य बापू द्वारा प्रदत्त 'आत्मनिर्भर भारत' का सशक्त आधार है।

# देशभर में लाखों युवाओं ने नशा मुक्त और स्वदेशी भारत की शपथ ली



## 60 से अधिक आध्यात्मिक संगठनों ने 'नशा मुक्त युवा' अभियान का नेतृत्व किया


## युवाओं के लिए कार्यक्रमों ने अनुशासन, नशा मुक्त जीवन और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रेरित किया

**पीआईबी।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मना रहा है जिसका समापन गांधी जयंती पर होगा। इस वर्ष जुलाई माह में वाराणसी में आयोजित युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए, वर्तमान सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 21 सितंबर 2025 को 'नशा मुक्त युवा फ ॉर विकसित भारत' के लिए युवाओं के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

2000 से अधिक स्थानों पर युवा सम्मेलन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हजारों युवा सामूहिक रूप से नशा मुक?त और स्वदेशी भारत शपथ ले रहे हैं। यह अभियान अपने आप में इसलिए विशेष है कि युवा कार्यक्रम मंत्रालय और ''माई भारत'' इसमें सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। आध्यात्मिक संगठन अपने नेटवर्क, संस्थानों और स्वयंसेवकों के माध्यम से स्वतंत्र रूप से आयोजित कर रहे हैं। ये कार्यक्रम देश के आध्यात्मिक नेतृत्व और युवाओं के बीच ऐतिहासिक सहयोग के प्रतीक हैं। यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को और पुष्ट करता है।

इस अभियान का नेतृत्व देश के सबसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संगठन कर रहे हैं जो इस साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एक साथ आए हैं। 1700 से अधिक स्थानों पर 20 प्रमुख संगठन और 270 से अधिक स्थानों पर 42 अन्य संगठन सक्रिय रूप से कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। प्रमुख संगठनों में: ईशा फ ाउंडेशन, इस्कॉन, हार्टफुलनेस, चिन्मय मिशन, ब्रह्मकुमारी, माता अमृतानंदमयी मठ, पतंजलि, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, चिश्ती फ ाउंडेशन, नामधारी सिख संगत, सूफी इस्लामिक बोर्ड और अणुव्रत शामिल हैं।

# ग्रांट थॉर्नटन भारत एवं आईटीएम यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर




लोकशक्ति। आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने इंडस्ट्री एकेडमी कनेक्ट बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश की अग्रणी कंसल्टिंग फ र्म ग्रांट थॉर्नटन भारत के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। इसके अंतर्गत ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, पाइथन के माध्यम से डेटा एनालिटिक्स, पावर बीआई एवं टैब्ल्यू द्वारा डेटा विज़ुअलाइज़ेशन और साइबर सुरक्षा की मूल बातें सहित पाँच विशेषीकृत कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। आईटीएम रायपुर की प्रो वाइस चांसलर डॉ. लक्ष्मी मूर्ति ने कहा कि आईटीएम रायपुर में हम अपने अकादमिक कार्यक्रमों को उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साथ हमारा यह सहयोग छात्रों को एडवांस्ड एक्सेल, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, फिनटेक और आर एवं पाइथन द्वारा डेटा एनालिटिक्स जैसे प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे। ग्रांट थॉर्नटन भारत के पार्टनर श्री सिद्धार्थ तलवार ने कहा कि ग्रांट थॉर्नटन भारत में हम जिज्ञासा, प्रायोगिक शिक्षण और समस्या-समाधान दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर कल के नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईटीएम रायपुर के साथ हमारा सहयोग इसी दृष्टि को दर्शाता है।


**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

**( पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड )**

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018 **मुख्य कार्यालय**: लेवल 3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा डु कासी, मुंबई-400051 **वेबसाइट**: www.truhomefinance.in

**कब्ज़ा नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पठित (नियम 3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है, ताकि नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।

उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, वर्ष 2025 की सितम्बर माह की 18 तारीख को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के प्रभार के अधीन होगा, जो नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के रूप में होगा।

[ उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।]

**उधारकर्ता का नाम और पता**

1. श्री सालिकराम सिन्हा पुत्र श्री श्रीराम सिन्हा
2. श्रीमती मीना सिन्हा पत्नी श्री सालिकराम सिन्हा

पता - भागवत चौक, लेबर कैंप, काली माता मंदिर के पास, जामुल, भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490024

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

कुल रु. 9,21,865/- ( नौ लाख इक्कीस हजार आठ सौ पैंसठ रुपये मात्र ) 09-12-2024 तक
ऋण खाता संख्या SHLHRAIP0000236
मांग सूचना की तिथि - 11.12.2024
भौतिक कब्जे की तिथि - 18.09.2024
एनपीए की तिथि - 04.12.2024

**बंधक संपत्ति का विवरण**

आवासीय भूखंड और मकान, खसरा संख्या 575/15, मौजा जामुल, राम मंदिर वार्ड, वार्ड क्रमांक 08, पीएच क्रमांक 01, आर.आई.सी. जामुल, तहसील दुर्ग (नई तहसील - भिलाई-3), जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 730 वर्ग फुट।
उत्तर: 10 फीट रोड, दक्षिण: हिमांचल शर्मा और शंभू साहू का मकान, पूर्व: हीरामन सिन्हा का मकान, पश्चिम: आबादी खुली भूमि और शंभू साहू का मकान।

स्थान : दुर्ग
तिथि : 18.09.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# दुर्गा पूजा उत्सव के समय पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ साथ 15 सूत्रीय मांगे रखी

## चैंबर ऑफ़कॉमर्स इकाई नैला जांजगीर ने रेलवे से............

जांजगीर चांपा संवाददाता

चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स जांजगीर नैला ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर निवेदन किया है कि जिला मुख्यालय होने के नाते नैला स्टेशन में जो अभी तक हो जाना चाहिए था नहीं हो पाया था , अभी जो कार्य हो रहा है वह जिला मुख्यालय के लोगों के लिए हितार्थ है। इसी क्रम में चैंबर्स ऑफ़कॉमर्स ने कुछ मांगें रेलवे प्रशासन से स्वीकृत करने का आग्रह किया है ।

चूंकि पिछले कई वर्षों से मां दुर्गा का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और यहां की झांकिया पंडाल इत्यादि अपनी आभा एवं बनावट की वजह से पूरे देश में प्रसिद्ध है अतः नवरात्र के समय लगभग पूरे देश से ही लोग यहां पर दर्शन करने हेतु आते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश से रायपुर से लेकर रायगढ़ तक एवं सराईपाली से अंबिकापुर तक के चारों दिशाओं के लोग यहां पर आते हैं जिससे काफी ज्यादा चार पहिया वाहनों की भीड़ शहर में हो जाती है, यह पंडाल रेलवे स्टेशन से पाँच सौ मीटर की दूरी पर बनाया जाता है,अतः आम लोगों की आवाजाही




के लिए रेलवे के द्वारा रायपुर से रायगढ़ तक के यात्रियों के लिए शाम चार बजे से रात्रि बारह बजे रात तक यदि दो पूजा स्पेशल ट्रेन शुरू कर दी जाए ।

मुख्य ट्रेन के ठहराव - इनमें से कम से कम पांच ,आजाद हिन्द, मुम्बई हावड़ा मेल, गीतांजलि, गोड़वाना, सम्बलपुर एक्सप्रेस, हीराकुद एक्सप्रेस, दानापुर दुर्ग दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, पुरीएवं साप्ताहिक ट्रेन में से पुरी जोधपुर, हटिया पुणे, वलसाड एक्सप्रेस, शालीमार उदयपुर, शालीमार भुज ,हापा हावड़ा, कविगुरु एक्सप्रेस

,कुछ सप्ताहिक ट्रेनें जो चांपा एवं अकलतरा नहीं रूकती इनमें से हैदराबाद धनबाद, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस,सान्त्रागाच्छी शिरडी एक्सप्रेस , गरीबरथ, हमसफ़र एक्सप्रेस समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस, पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में से ।

कन्हाईबन्ध सिवनी एवं सरखों जाने वाले मार्ग पर वाय शेप रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाय। ज्ञात हो कि उक्त मांग पर विधानसभा में आवश्यक राशि का बजट पास हो चुका है उसे दोबारा ध्यान में लाकर कार्य प्रारंभ करायें । दोनों तरफअंडर ब्रिज - पूर्व में बिलासपुर की और एक अंडर ब्रिज बनाया जा चुका है परंतु वह पूर्णतया फेल है कृपया उसमें नए सिरे से संज्ञान ले एवं उसे शुरू करायें एवं नहरिया बाबा मंदिर के समीप नया अंडर ब्रिज बनानेका आग्रह। .रैक पाइंट - पूर्व में माल गोदाम के पास एक रैक पॉइंट संचालित था जो कि बारह वर्ष लगातार बंद होने के पश्चात हमारी लगातार मांगों के बाद अब शुरू किया जा चुका है परंतु वहां पर कोयला साइडिंग का काम चलता है जिसकी वजह से रैक पॉइंट में आने वाले अनाजों में धूल कोयला इत्यादि की गंदगी जमा होती है और काम ठीक से नहीं हो पाता। अतः महोदय से निवेदन है कि कोयला साडिंग को उस जगह से दो से तीन किलोमीटर आगे स्थानांतरित कर दिया जाए।कोयला साइडिंग एवं रैक पॉइंट वाली जगह के लिये शहर से बाहर ही बाहर सड़क मार्ग,.प्लेटफार्म में दूसरी तरफ जाने के लिए ,पुराने माल गोदाम की ओर फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म नंबर वन में यात्री गाड़ियों का ठहराव आवश्यक है ।

बुजुर्गों, बीमार और अक्षम (दिव्यांगों ) व्यक्तियों के लिए दुसरे प्लेटफार्म में जाने हेतु लिफ्ट एवं प्लेटफॉर्म के अंदर संचालित ई वाहनों की आवश्यकता , अलग-अलग वाहनों के लिए पार्किंग स्टैंड बनाया जाए । टैक्सी /आटो/ई रिक्शा/ सायकल रिक्शा प्री पेड बुथ ।अमृत भारत योजना के तहत बन रहे नए रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म के ऊपर शेड की संख्या बढ़ाई जाए। यात्रियों के विश्राम टिकट श्रेणियों के हिसाब से यात्री विश्राम कक्ष बनाए जाये जिसमें एसी, कुलर, पंखे ,

बाथरूम ,टायलेट इत्यादि की पर्याप्त एवं समुचित व्यवस्था हो। उक्त मांगों पर रेलवे प्रशासन से चैंबर्स ऑफ कॉमर्स जांजगीर नैला के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने ध्यान देकर जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया है ।


# लायंस क्लब चांपा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर संपन्न

जांजगीर चांपा /



लायंस क्लब चांपा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर लायन भवन में संपन्न हुआ जिसमें डॉ स्वाति सोनी खरौद एवं डॉ साक्षी सोनी शिवरीनारायण के द्वारा 132 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें दवा प्रदान किया गया इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन , लायंस एजुकेशनल सोसाइटी चांपा के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, उपाध्यक्ष लायन डॉ काशी प्रसाद राठौर, लायन डॉ घनश्याम प्रसाद दुबे , लायन द्वद्धद्ध डॉ संतोष कुमार अग्रवाल , लायन मोहन लाल गुलवानी, लायन उत्तम प्रकाश देवांगन , पत्रकार शशिभूषण सोनी , लायंस हायर सेकंडरी स्कूल चांपा की प्रिंसीपल श्रीमती अजीता , पुरन लाल बरेठ, वीरेंद्र वर्मा उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किए इस आशय की जानकारी देते हुए क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब के द्वारा समय समय पर सेवा गतिविधि अंतर्गत जरूरत मंद लोगों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है इसी तारतम्य में क्लब की सामान्य सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में निर्णय लिया जाकर स्वस्थय शिविर का आयोजन किया गया । उपस्थित डाक्टरों ने शिविर में आए मरीजों के तकलीफ अनुसार उनका परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवाई का वितरण किया जिससे लोग लाभान्वित हुवे । वर्तमान समय में महंगे होते इलाज के कारण बहुत से मरीज आर्थिक तंगी के कारण समय पर अपना समुचित इलाज नहीं करा पाते है ऐसे में लायंस क्लब द्वारा आयोजित निःशुल्क इलाज से उन्हें बहुत राहत मिलता है। कार्यक्रम के सहयोगी डाक्टरों का क्लब के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ , उपहार एवं मीठाई भेट कर सम्मान करते हुवे उनके प्रति आभार व्यक्त किया ।

# पितर मोक्ष अमावस्या पर की गई पितरों की विशेष पूजा श्री दूधाधारी मठ में



संवाददाता

आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या को श्री दूधाधारी मठ में पितर मोक्ष के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने प्रातः 6:00 बजे महादेव घाट खारून नदी पहुंचकर मठ मंदिर के पूर्वाचार्यों का तर्पण किया, 7:00 बजे उन्होंने मठ पहुंचकर हवन का कार्य पूर्ण किया तत्पश्चात भोग भंडारा का कार्य पूर्ण होने पर भगवान एवं पितरों को भोग अर्पण किया गया। श्रद्धालु भक्तों ने मठ मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भोजन प्रसाद प्राप्त किया। पितरों को बिदाई दी गई। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि- *भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या तक भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में पितर पक्ष के रूप में मनाने की परंपरा रही है। इन 15- 16 दिनों में हमारे पितर जिस तिथि को गमन किए रहते हैं उस तिथि को पधारते हैं। उन्होंने जो मार्ग हमें दिखाया है उस पर हम चल पा रहे हैं या नहीं इसे देखते हैं। उन्हें जब यह महसूस होता है कि हम उनके बताए हुए रास्तों का अनुसरण रहे हैं तब प्रसन्न होकर हमें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। श्री दूधाधारी मठ तथा इससे संबंधित मठों की जब से स्थापना हुई है तब से लेकर आज पर्यंत यहां के पूर्वाचार्य को उनके तिथि अनुसार मनाने की परंपरा रही है। वर्तमान सेवक होने के नाते उस परंपरा अनुसरण कर रहा हूं। आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या को हम ज्ञात- अज्ञात तथा अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए पितरों को भी याद करते हैं । आज पितर मोक्ष अमावस्या है सभी पितरों का आशीर्वाद हमें प्राप्त हो रहा है ऐसा हम विश्वास करते।

# कलेक्टर ने डाईट के प्रभारी प्राचार्य बी.पी. साहू के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश

## कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु सचिव स्कूल शिक्षा को भेजी अनुशंसा

**जांजगीर-चांपा ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) जांजगीर के प्रभारी प्राचार्य श्री बी.पी. साहू के विरुद्ध कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। व्याख्याता श्री सुरेश कुमार साहू द्वारा की गई शिकायत पर कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर द्वारा जांच की गई। जांच रिपोर्ट में प्रभारी प्राचार्य के खिलाफविभिन्न शिकायतों की पुष्टि हुई है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि नियमों के अनुसार प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, शिकायतकर्ता श्री सुरेश कुमार साहू के यात्रा आवेदन को नियमों के अनुरूप मान्यता न मिलने के कारण रोके गए जुलाई एवं अगस्त 2025 माह का वेतन सात दिन के भीतर वित्तीय नियमों के तहत भुगतान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने डाईट जांजगीर के प्रभारी प्राचार्य श्री बी.पी. साहू को प्रभार से पृथक करते हुए उनके अन्यत्र स्थानांतरण तथा उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अनुशंसा प्रेषित की है।

# पितृ पक्ष में पखवाड़े भर हुआ भंडारा प्रसाद का आयोजन : तुलसी वाटिका हनुमान मंदिर परिसर में बांटा गया प्रसाद

जांजगीर चांपा /

पितृ पक्ष में तुलसी वाटिका हनुमान मंदिर परिसर में पखवाड़े भर भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया और आखरी दिवस अमावस्या को विशेष चावल दाल सब्जी के साथ बड़ा भंडारा रखा गया । यह आयोजन भागवताचार्य पंडित संदीप मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें प्रसाद के साथ साथ श्रीमद भागवत गीता महोत्सव एवम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन भी रखा गया था । इस आयोजन में पूरे 16 दिन तक अलग अलग दान दाताओं और भक्तों के सहयोग से अलग अलग प्रसाद वितरण किए गए । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल , प्रकाश बबला गुप्ता शहर अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल , देवराज राठौर , रंजीत मिश्रा , वीर सिंह , टी आर साहु , राजकुमार बाऊ यादव सहित अनेक भक्त जनों ने अपना सहयोग प्रदान किया ।





# विद्यालय में नशे की हालत में पाई गई शिक्षिका तत्काल प्रभाव से निलंबित

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया



**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर एसडीएम अकलतरा, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला लेवई, विकासखंड बलौदा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों, छात्रों एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी में यह पुष्टि हुई कि विद्यालय की प्रधान पाठक हीरा पोर्ते 19 सितम्बर को नशे की हालत में विद्यालय में उपस्थित थीं।

इस गंभीर कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए हीरा पोर्ते को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदा निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर ने मॉनिटरिंग में लापरवाही के लिए संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदा और बीआरसी बलौदा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे आदतन शिक्षकों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रारंभ की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि शिक्षा व्यवस्था की मर्यादा और विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# थाना बिर्रा के ग्राम करही गांव पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने ली शांति समिति की बैठक

## हत्या की श्रृंखला के बाद करही में पुलिस की सख्त चेतावनी और मानवीय पहल

## उठाएंगे मृतक उप सरपंच महेन्द्र बघेल और मनोज कश्यप की बेटियों के पढाई का खर्चा पुलिस द्वारा



जांजगीर चांपा /

ग्राम करही गांव में हाल ही में हुई हत्या की श्रृंखला ने पूरे गांव को असुरक्षा, संशय और तनाव से भर दिया था। उपसरपंच महेंद्र बघेल की हत्या, उसके उपरांत मनोज कुमार कश्यप और सूरज कुमार यादव की साजिशन ज़हर देकर हत्या – इन घटनाओं ने सामाजिक ताने-बाने को गहराई से झकझोर दिया है। सीमावर्ती, बड़ी आबादी और बहुजातीय संरचना वाले इस गांव में पहले से ही अवैध शराब और अवैध रेत परिवहन जैसी समस्याएं चुनौती बनी हुई थीं।

थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में हाल ही में दो दुर्भाग्यपूर्ण बड़े बड़े घटना हुई है, जिसमें गांव की सामाजिक ताने बाने को झगझोर कर रख दिया, इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए *पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चांपा विजय कुमार पाण्डेय स्वयं एसडीओपी चांपा यदुमणि, थाना प्रभारी बिर्रा जय कुमार साहू व पुलिस स्टाफके साथ ग्राम करही पहुंचे और गांव के बीचों -बीच चौपाल का आयोजन किया। जहां पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले का हर गांव गुल दस्ते की तरह हैं, जिसमें तरह तरह के फूल रहते है। एक दूसरे की सम्मान करना है, हर संभव मदद करना है मिलजुल के रहना है। उसके बाद पुलिस अधीक्षक पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे मृतक उप सरपंच महेन्द्र बघेल की छोटी बच्ची बायरा बघेल को पेंड्री हसौद में दाखिल कराया गया था, जो वर्तमान में स्कूल जाना बंद कर दी थी जिसको फिर से पढ़ने के लिए स्कूल में दाखिला कराएगी, जो भी स्कूल का खर्चा आएगा पुलिस वहन करेगी। इसी प्रकार मृतक मनोज कुमार कश्यप की बेटी सोनिया कश्यप जो 12 वी के बाद कॉलेज नहीं जा रही थी जिसको कॉलेज जाने आगे पढ़ाई करने के लिए बोले।

**बैठक में हुई मुख्य चर्चा***

ग्रामीणों के बीच वर्तमान हालात, तनाव और असुरक्षा की भावना पर खुली बातचीत। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है, इस भरोसे को मजबूत किया गया। जातीय विविधता को ÷माला के मोती÷ की तरह जोड़कर रखने की अपील।

अवैध शराब और अवैध कारोबार करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई का आश्वासन।

युवाओं को पढ़ाई, खेलकूद, संगीत और अन्य हुनर की ओर प्रेरित करते हुए अपराध से दूर रहने का संदेश।

अपराधियों और सामाजिक तत्वों को चेतावनी

**पुलिस अधीक्षक ने सख्त लहजे में कहा —**

हिंसा और अपराध की राह पर चलने वालों को सुधर जाना चाहिए। यदि नहीं सुधरे तो पुलिस की कानूनी कार्रवाई इतनी कठोर होगी कि अपराध करना हमेशा के लिए भूल जाओगे। कानून अपने हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### पीड़ित परिवारों से मानवीय संवाद

बैठक उपरांत पुलिस अधीक्षक ने मृतक महेंद्र बघेल, सूरज कुमार यादव और मनोज कुमार कश्यप के परिजनों से मिले। उन्होंने ढांढस बंधाया, छोटे बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और आश्वस्त किया कि दोषियों को न्यायालय से कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

पुलिस विभाग हर दुख-सुख में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहेगा।

**भविष्य की ठोस कार्ययोजना**

बैठक में आगे की दिशा तय करते हुए निम्न निर्णय लिए गए :

1. **महिला कमांडो टीम का गठन** — आने वाले दिनों में अवैध शराब पर रोकथाम और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने के लिए पुलिस के साथ मिलकर महिला कमांडो सक्रिय होंगी।

2. **संयुक्त विभागीय कार्रवाई** — अवैध रेत परिवहन रोकने के लिए जिला शक्ति के माइनिंग विभाग और राजस्व विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

3. **सामुदायिक पुलिसिंग** — गांव की शांति, सुरक्षा और विकास के लिए पुलिस -ग्रामीण साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा।

यह शांति समिति की बैठक सिर्फ़पुलिस की सख्ती का नहीं, बल्कि उसकी मानवीय संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और भविष्य की ठोस योजनाओं का प्रतीक बनी। ग्राम करही को यह भरोसा दिलाया गया कि –

> *÷जांजगीर पुलिस आपकी सुरक्षा, शांति और प्रगति के लिए हर समय तत्पर है।÷*

उपरोक्त बैठक में गांव के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवागण सहित लगभग 200 लोग उपस्थित रहें।

## खास खबर

### सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

**कोरबा** सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 सितंबर को घंटाघर चैक से निर्मला स्कूल कोरबा तक प्रातः 7 बजे से 7.30 बजे तक नषामुक्त मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन में कालेज के छात्र-छात्राएं, स्काउट गाइड सहित आम नागरिक भाग ले सकेंगे। इसी कड़ी में 21 सितंबर को सरस्वती षिषु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकूद का कार्यक्रम रखा गया है। सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत 22 सितंबर को नषामुक्ति केन्द्र मुड़ापार कोरबा में प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए नामांकन 26 तक आमंत्रित

**कोरबा** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''माता बहादुर कलारिन सम्मान'' प्रदान किया जाता है। जिसके तहत् एक महिला को 2.00 लाख रूपए की राषि तथा प्रषस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है।

जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छान-बीन के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जायेगी। आवेदन पत्र 26 सितम्बर 2025 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा में निर्धारित प्रारूप में जमा किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप हेतु कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अवलोकन किया जा सकता है, एवं प्रारूप कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

### करैत सांप हमलाः बाप-बेटे की मौत, मां की हालत गंभीर

कोरबा बालको थाना क्षेत्र में करैत सांप ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को डस लिया, जिससे पिता चूड़ामणि भारद्वाज (52) और बेटा प्रिंस (10) की मौत हो गई। मां रजनी भारद्वाज (41) की हालत गंभीर है और उनका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। परिजन का आरोप है कि गोपालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी-स्नेक वेनम न होने के कारण समय पर इलाज नहीं किया गया। ब्डभ्व् एसएन केसरी ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही नियुक्त कर्मचारी ने मरीज को देखे बिना रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पुलिस चैकी ने परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिटी बस सुविधा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा** शहरवासियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से कोरबा में सिटी बस सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में समाजसेवी सुनील जैन ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश और कमिश्नर महोदय को सौंपा है।

# फिजिक्स, केमेस्ट्री और संस्कृत से दूर हुआ डर, विद्यार्थियों का भी आसान लगने लगी कठिन डगर

### युक्ति युक्तकरण से वनांचल के केरवाद्वारी हायर सेकेण्डरी स्कूल में बदल गया है पढ़ाई का माहौल

कोरबा संवाददाता।



करतला विकासखण्ड के अंतर्गत वनांचल ग्राम केरवाद्वारी के ग्रामीण अपने बच्चों को उच्च षिक्षा से जोड़ने के लिए इतने सजग है कि इन्होंने गांव में संचालित हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने की मांग कई वर्षो से जारी रखी थी। उनकी यह मांग तीन साल पहले ही पूरी तो हो गई और हायर सकेण्डरी स्कूल के रूप में उन्नयन के साथ स्कूल में विज्ञान संकाय में दाखिला भी होने लगा, लेकिन दुर्भाग्यवष विद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण विषय भौतिक, रसायन के ही नियमित व्याख्याता नहीं थे। महत्वपूर्ण विषय का व्याख्याता नहीं होने का खामियाजा वनांचल में रहने वाले विद्यार्थियों को ही उठाना पड़ा।

छात्रों के अभिभावक भी परेषान थे कि उन्होंने गांव में केवल हायर सकेण्डरी स्कूल खुलने का सपना ही नहीं देखा था, बल्कि उनका सपना था कि यहां सभी विषयों की नियमित पढ़ाई हो, सभी विषयों को पढ़ाने वाले षिक्षक हो, लेकिन उनका यह सपना अधूरा का अधूरा ही था। भले ही जिला स्तर पर मानदेय षिक्षकों की व्यवस्था कर कक्षाएं संचालित की गई, लेकिन नियमित षिक्षकों की कमी विद्यार्थियों और उनके पालको की एक बड़ी समस्या बनकर रह गई थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देष पर जब स्कूल षिक्षा विभाग द्वारा युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई तो महत्वपूर्ण विषयों के व्याख्याताओं को तरसने वाले इस विद्यालय में फिजिक्स, केमेस्ट्री ही नहीं संस्कृत विषय के भी व्याख्याता मिल गये। हायर सकेण्डरी स्कूल केरवाद्वारी में भौतिकी विषय में श्रीमती ज्योति षर्मा, रसायन में श्रीमती सुधारानी राठौर और संस्कृत विषय में श्री उत्तम कुमार तिवारी का व्याख्याता के रूप में पदस्थापना ने विद्यार्थियों के लिये कठिन सा लगने वाला यह विषय आसान हो गया है। राज्य षासन द्वारा युक्ति युक्तकरण के तहत अतिषेष षिक्षकों को रिक्त पदो वाले विद्यालय में पदस्थ किये जाने से अनेक विद्यालयों में पढ़ाई का माहौल ही बदल गया है। जिले के करतला विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम केरवाद्वारी के हायर सेकेण्डरी विद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का भी सपना था कि उनके विद्यालय में नियमित व्याख्याता हो। खासकर विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को रसायन और भौतिकी विषय के षिक्षकों की दरकार थी, क्योंकि विद्यालय में इन विषयों के रेगुलर लेक्चरर तब से पदस्थ नहीं थे, जब से विद्यालय हायर सेकेण्डरी के रूप में उन्नयन हुआ था।

युक्ति युक्तकरण के बाद भौतिकी विषय में ज्योति षर्मा, रसायन में श्रीमती सुधारानी राठौर और संस्कृत विषय में श्री उत्तम कुमार तिवारी का व्याख्याता के रूप में पदस्थापना होने से गांव के विद्यार्थियों में खुषियां व्याप्त है। विज्ञान विषय लेकर पढ़ाई करने वाली कक्षा बारहवी की छात्रा रष्मि राठिया, रीना राठिया, प्रेमलता, रामेष्वरी, छात्र खिलेष्वर, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र रोषन कुमार, छात्रा कुमारी सरस्वती मंझुवार ने बताया कि विद्यालय में फिजिक्स, केमेस्ट्री विषय के रेगुलर षिक्षक नहीं थे। सत्र षुरू होते ही षिक्षकों की पदस्थापना से हमारी उलझने दूर हो गई है। इन विषयों को चुनने के साथ ही हम पर भी दबाव रहता है कि समझ में नहीं आ सकने वाले सवालों को कैसे ठीक से समझ पाये। विद्यार्थियों ने बताया कि भौतिकी और रसायन विषय की षिक्षिकाओं द्वारा न सिर्फ किताबों के आधार पर विषय को समझाया जाता है, उनके द्वारा महत्वपूर्ण उदाहरणों के आधार पर भी विस्तारपूर्वक कठिन सवालों को सरल तरीके से समझाया जाता है। विद्यार्थियों ने बताया कि भौतिकी विषय में श्रीमती ज्योति षर्मा, रसायन में श्रीमती सुधारानी राठौर मैडम उनकी नियमित क्लास लेती है। उनके यहां पदस्थ होने से माहौल बदला है। छात्राओं का कहना है कि षर्मा और राठौर मैडम हम सभी के बीच इस तरह से रहती है कि हमें उनसे कोई सवाल पूछने में झिझक नहीं होती। विद्यार्थियों का कहना है कि हम सभी गांव के रहने वाले हैं और यह हमारे लिये सौभाग्य का विषय भी है कि सरकार ने गांव के विद्यालयों के बारे में सोचा। हम लोग भी चाहते हैं कि स्कूल में साइंस जैसे विषय की पढ़ाई कर कॉलेज की पढ़ाई करें।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान : मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में महापौर एवं आयुक्त ने दी स्वच्छता की सेवा, किया साफ-सफाई का कार्य

लोकशक्ति



**कोरबा** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत महापौर संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता की सेवा देते हुए घंटों तक साफ-सफाई का कार्य किया, सम्पूर्ण परिसर में झाडू लगाई, कचरा उठाया एवं पानी से परिसर की धुलाई कर परिसर को स्वच्छ किया, वहीं काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी मंदिर परिसर की साफ-सफाई में अपनी सहभागिता दी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक '' स्वच्छता ही सेवा अभियान -2025 '' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अभियान में भाग लेते हुए मंदिर परिसर की वृहद रूप से साफ-सफाई का कार्य किया, इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता देने आये नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी साफ-सफाई का कार्य किया व स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पार्षद रामाधार पटेल एवं ईश्वर पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, पूर्व पार्षद दीपक यादव, उप अभियंता प्रमोद जगत, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तम दास, सतानंद द्विवेदी, पुखराज यादव आदि उपस्थित थे।

**सर्वमंगला मंदिर परिसर बना प्लास्टिक फ्री जोन** - महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की महत्वपूर्ण पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया गया है, अब वहॉ पर स्थित दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग्स व डिस्पोजल आदि का उपयोग नहीं होगा, दुकानदार प्रसाद सामग्री कपड़ें के थैलों में रखकर श्रद्धालुओं को नारियल व पूजा सामग्री का विक्रय करेंगे, इस हेतु निगम की स्वच्छता दीदियों द्वारा निर्मित मॉ सर्वमंगला का स्टीकर प्रिंट किए हुए थैले दुकानदारों को उपलब्ध कराया जाएगा या दुकानदार चाहें तो खुद भी उक्त थैले बनवाकर उनका उपयोग कर सकते हैं।



### जिले के सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कलेक्टर ने की डीएमएफसे दो करोड़ 16 लाख से अधिक की राषि स्वीकृत

### छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कोरबा प्रवास 21 एवं 22 को

**कोरबा संवाददाता** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा श्री आर.एस.विष्वकर्मा आई.ए.एस.(से.नि.) तथा सदस्यगण श्री नीलांबर नायक, श्री बलदाउ राम साहू, श्री हरिषंकर यादव, श्री यषवंत सिंह वर्मा, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा, श्री कृष्णा गुप्ता एवं सचिव अमित श्रीवास्तव 21 सितंबर एवं 22 सितंबर को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। वे अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में षिरकत करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे रायपुर से रवाना होकर सायं 4 बजे सर्किट हाउस कोरबा पहुंचेंगे। शाम 6 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स एसोसिएषन अरेना कोरबा द्वारा आयोजित बैडमिंटन लीग प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा केन्द्रों का किया गया शुभारंभ

**कोरबा** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक आदि सेवा पर्व एवं सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के चिन्हांकित समस्त 479 ग्रामों में 17 सितम्बर को आदि सेवा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। इन आदिसेवा केन्द्रों में सेवा पखवाड़ा के दौरान आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पत्र बनाने संबंधी कार्य किये जाएंगे। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक गांवो में 20.20 वालेन्टियर्स आदि साथी एवं आदि सहयोगी के रूप में लगभग 10 हजार वालेन्टियर्स की टीम तैयार की गई है, जो ग्रामीणों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं को शासन तक सीधे पहुंचाने का कार्य करेगी । यह टीम ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, युवाओं के साथ 17 सितम्बर से 30 सितम्बर के मध्य ग्राम के संपूर्ण क्षेत्रों का भ्रमण करेगी तथा विजन 2030 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में विलेज एक्षन प्लान तैयार करेगी तथा 02 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर तैयार की गई विलेज एक्षन प्लान को सर्व सहमति से अनुमोदन करेगी । ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित विलेज एक्षन प्लान को विलेज नोडल अधिकारी द्वारा भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्धारित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान् के तहत् कोरबा जिले के 479 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है। इन गांवो में आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से शत प्रतिषत संतृप्त किया जाना मिशन के माध्यम से नियत किया गया है ।

## नाबालिग लड़की अपहरण मामला : दो माह बीतने के बावजूद पुलिस की सुस्त कार्रवाई

### आक्रोशित गैर-राजनीतिक संगठन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर त्वरित जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

कोरबा )। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला अब गरमाता जा रहा है। लगभग दो माह बीतने के बावजूद पुलिस की सुस्त कार्रवाई से आक्रोशित एक गैर-राजनीतिक संगठन ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पत्र लिखकर त्वरित जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि लड़की की सुरक्षित बरामदगी नहीं हुई, तो एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा और मामला उच्च न्यायिक एवं मानवाधिकार संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, 19 जुलाई 2025 को दीपका के विजयनगर इलाके से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया। आरोपी, जो बिहार के सहरसा जिले के बनगांव थाना क्षेत्र का निवासी है, नल जल योजना के तहत मजदूरी के लिए विजयनगर आया था। उसने विश्वास का फायदा उठाकर लड़की को भगा लिया। पीड़ित परिवार ने 21 जुलाई को ही दीपका थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन दो माह बाद भी कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

परिवार के सदस्यों का कहना है कि उन्हें लड़की से दो-तीन बार फोन पर बात करने का मौका मिला, लेकिन हर बार फोन छीन लिया गया। परिवार को गंभीर आशंका है कि लड़की को मानव तस्करी के जाल में फंसा दिया गया है और उसकी जान को खतरा है। एक सदस्य ने बताया, ÷हमारी बेटी की जिंदगी दाव पर लगी है, लेकिन पुलिस चुप्पी साधे हुए है।

बिहार में धमकी का खुलासा

पीड़ित परिवार ने खुद बिहार के सहरसा जिले के बनगांव थाने का दौरा किया, जहां लड़की की तलाश की। लेकिन वहां उन्हें सहयोग के बजाय धमकी मिली। थाने के अधिकारियों ने कथित तौर पर कहा, तुम लोग जिंदा वापस नहीं जा पाओगे। परिवार को सलाह दी गई कि वे पुलिस के साथ आएं, तभी उनकी सुरक्षा संभव होगी। यह घटना न केवल परिवार के लिए गंभीर है, बल्कि कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना गैर राजनीतिक संगठन, जो छत्तीसगढ़िया हितों और संस्कृति और समाज में अन्याय-शोषण के खिलाफ सक्रिय है, ने इस मामले को उठाया। संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री उमागोपाल ने एसपी को लिखे पत्र में निम्नलिखित मांगें की हैंः- आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसके संभावित सहयोगियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई। नाबालिग लड़की की सुरक्षित बरामदगी और परिवार को सौंपना। मानव तस्करी की आशंका की गहन जांच और दोषियों को कड़ी सजा।

## डाटा एंट्री ऑपरेटर कुश देवांगन की सेवा समाप्त

### सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जारी किया आदेश




**कोरबा। लोकशक्ति ।** 3 करोड़ 83 लाख 28 हजार के स्वीकृत 34 निर्माण कार्यों की मूल नस्ती एवं दस्तावेज कार्यालय से उपलब्ध नहीं होने के मामले में सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर ने आदेश जारी कर डाटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा) कुश देवांगन की सेवा समाप्त कर दी है।

गौरतलब है कि कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा द्वारा जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 के तहत विभागीय छात्रावास और आश्रमों में निर्माण, नवीनीकरण और अन्य कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। संविधान के अनुच्छेद 275 (1) मदान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021 -22 में 4 फर्मो मे. श्री साईं ट्रेडर्स पॉलीवाल बुक डिपो, बालाजी मंदिर रोड ,आईटीआई चैक रामपुर कोरबा,मे. श्री साईं कृपा बिल्डर्स मंगल भवन,बाजार चैक छुरी ,मे .एस.एस. ए .कंस्ट्रक्शन ,मेन रोड चैतमा ,साजाबहरी एवं मे .बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर ,वार्ड नं.6 जायसवाल हाउस ,राजीव नगर कटघोरा को आश्रम छात्रावासों में लघु निर्माण, नवीनीकरण और अन्य कार्यों से संबंधित कुल 34 कार्यों के लिए 3 करोड़ 83 लाख 28 हजार की स्वीकृति दी गई थी। श्री साईं ट्रेडर्स पॉलीवाल बुक डिपो, बालाजी मंदिर रोड ,आईटीआई चैक रामपुर को 9 कार्य के लिए 73 लाख 28 हजार ,मे. श्री साईं कृपा बिल्डर्स मंगल भवन बाजार चैक छुरी को 9 कार्यों के लिए 1 करोड़ 14 लाख ,मे .एस.एस.ए .कंस्ट्रक्शन ,मेन रोड चैतमा ,साजाबहरी कोरबा को 6 कार्यों के लिए 49 लाख एवं मे .बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर , वार्ड नं.6 जायसवाल हाउस ,राजीव नगर कटघोरा को 10 कार्यों के लिए 1 करोड़ 47 लाख की स्वीकृति दी गई थी। इन स्वीकृत कार्यों के एवज में फर्मो को कुल 2 करोड़ 90 लाख 95 हजार 904 रुपए का भुगतान भी हो गया है। इन कार्यों के निविदा अभिलेख, कार्य आदेश, प्राक्कलन, माप पुस्तिका, देयक व्हाउचर, मूल नस्ती एवं अन्य अभिलेख कार्यालय से गायब हैं। इस मामले में जिला स्तरीय संयुक्त टीम की जांच उपरांत तत्कालीन सहायक आयुक्त माया वारियर,तत्कालीन सहायक अभियंता अजीत कुमार तिग्गा ,तत्कालीन उप अभियंता राकेश वर्मा (लोनिवि संलग्न आदिवासी विकास ) मुख्य रूप से जिम्मेदार पाए गए हैं। सम्बंधितों के विरुद्ध भादंवि की धारा 409 के तहत मामला दर्ज कराया गया। इस विभागीय कार्रवाई के खिलाफ सभी आरोपितों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत आवेदन लगाया जो स्वीकृत हो गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ, मध्य भारत में कैंसर उपचार को नई दिशा

कोरबा-रायपुर
लोकशक्ति




। मध्य भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति में तीसरे वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर सिर एवं गर्दन के जटिल कैंसर की लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर प्रतिभागियों के ज्ञान और तकनीकी समझ को मजबूत किया।

इस कार्यशाला का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनिल डी'क्रूज, निदेशक ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई) और डॉ. गौरी पंतवैद्य, प्रोफेसर एवं प्रमुख, सिर एवं गर्दन ऑन्कोसर्जरी विभाग, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई ने किया। देशभर के अग्रणी कैंसर संस्थानों से जुड़े कैंसर सर्जन ने सत्र को और भी समृद्ध बनाया तथा प्रतिभागियों को जटिल सर्जिकल निर्णयों की बारीकियों से अवगत कराया।

सिर एवं गर्दन के कैंसर की बढ़ती संख्या पर चर्चा करते हुए डॉ. अनिल डी'क्रूज ने कहा कि पिछले तीन दशकों के दौरान कैंसर की घटनाओं, खासकर थायरॉइड कैंसर में तीन गुना वृद्धि हुई है। यह मुख्यतः सर्जरी से ठीक होने वाला कैंसर है और सही इलाज मिलने पर 99 प्रतिशत मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। लेकिन यदि यह सर्जरी प्रशिक्षित सर्जनों द्वारा न की जाए तो रोगियों की आवाज, कैल्शियम संतुलन, पैराथायरॉयड कार्यप्रणाली और दीर्घकालिक नियंत्रण पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सर्जन को हर साल कम से कम 50-60 ऐसी सर्जरी का अनुभव होना चाहिए। मुझे खुशी है कि बीएमसी कॉन्क्लेव ने युवा सर्जनों को सीखने और इन तकनीकों को प्रदर्शित करने का अवसर दिया।

कॉन्क्लेव उद्घाटन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि बीएमसी कैंसर कॉन्क्लेव 2025 में सात देशों और पूरे भारत से आए शिक्षकों, ऑन्कोलॉजिस्ट्स, शोधकर्ताओं और प्रैक्टिशनर्स की मेजबानी कर रहा है। उनकी उपस्थिति न केवल हमारे राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ उन्नत स्वास्थ्य चर्चाओं और नवाचारों का केंद्र बन रहा है। यह कॉन्क्लेव वैश्विक अनुभव को स्थानीय स्वास्थ्य जरूरतों से जोड़ने की हमारी दृष्टि को साकार करता है।

डॉ. दिवाकर पांडे, सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रमुख, सर्जरी विभाग, बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने बताया कि यह इलाज केवल ट्यूमर हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जबड़े की हड्डी और चेहरे की संरचना को पुनर्निर्मित करने तथा भोजन, बोलने और सांस लेने जैसी आवश्यक क्रियाओं को बहाल करने का कार्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इससे मरीज समाज में आत्मविश्वास के साथ लौटकर सामान्य जीवन जी सकता है।

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (बालको मेडिकल सेंटर) की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि कैंसर केयर का मानकीकरण बेहद जरूरी है। है।

